

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

ईश्वर्या मेनन ने ईरोड...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 03 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 313 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## लोकतंत्र के अंदर वोट उसी को देना चाहिए, जो जनता के काम का हिसाब दे: शाह



शिमला। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने हिमाचल को धुआं मुक्त बनाने का काम किया। बिलासपुर में एम्स का निर्माण किया गया।

चम्बा, नाहन और हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज का उन्नयन किया गया। 48 अस्पतालों में मोदी जी ने ऑक्सीजन प्लांट बनाने सहित विकास के कई काम किये। हिमाचल प्रदेश को वंदे भारत ट्रेन दिया। सोलन में मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने का काम किया। ऊना में बल्क ड्रग फार्मा पार्क बनाने का काम किया।

चंबा, नाहन, हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज का उन्नयन किया। भाजपा ने ढेर सारे काम यहां पर किए हैं। जल शक्ति योजना के तहत 2 लाख घरों में पानी पहुंचाया। धर्मशाला को विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर देने का काम किया। धर्मशाला स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 567 करोड़ रुपया नरेंद्र मोदी जी ने भेजा है। सौभाग्य योजना के तहत हिमाचल के अंदर हर घर बिजली पहुंची है। 7 लाख परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो मुफ्त अनाज देने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। 8 लाख 67 हजार परिवारों को नल से जल पहुंचाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। लोकतंत्र के अंदर वोट उसी को देना चाहिए जो जनता के काम का हिसाब भी दे। मैं आज आपके सामने, नरेन्द्र मोदी सरकार और जयराम सरकार के कामों का हिसाब देने आया हूं। कांग्रेस के राहुल बाबा तो धर्मशाला आएंगे नहीं, लेकिन उनकी पार्टी के लोग जरूर आएंगे। मेरा आप सबसे निवेदन है कि उनसे हिसाब जरूर मांगिएगा।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में शुरू हुआ नया सेमेस्टर, छात्रों के लिए आयोजित हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

नयी दिल्ली। दो नवंबर दिल्ली विश्वविद्यालय



(डीयू) परिसर बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2022–23 के पहले दिन छात्र–छात्राओं से गुलजार रहा। इस दौरान, विद्यार्थियों में उत्साह के साथ–साथ घबराहट भी थी क्योंकि उन्होंने आज से जीवन में एक नया अध्याय शुरू किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का शैक्षणिक सत्र बुधवार से शुरू हो गया। कई कॉलेज ने नये बैच (फ्रैशर्स) को पाठ्यक्रम और अन्य गतिविधियों से अवगत करवाने के मकसद से संवाद (ओरियंटेशन) कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान कुछ छात्र घबराये हुए थे तो कुछ रोमांचित थे। बहुत सारे बच्चों के साथ उनके माता–पिता भी मौजूद थे। रामजस कॉलेज में इतिहास (ऑनर्स) में दाखिला लेने वालीं नेहल के साथ परिसर में पहले दिन उनकी मां भी आयीं थीं। नेहल ने कहा कि रामजस मेरी पहली पसंद नहीं था, लेकिन मैं शिकायत नहीं कर रही, यह एक अच्छा कॉलेज है। मैं डीयू के परिसर में पहली बार जा रही हूं। मेरे कुछ दोस्तों ने भी इसी कॉलेज में दाखिला लिया है। यह एक अच्छा अनुभव होगा। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में दाखिला लेने वालीं हरियाणा की गरिमा राजपूत अपनी नई यात्रा को लेकर उत्साहित और आशा से भरी थीं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए खास दिन है। मैं यहां से बीकॉम (ऑनर्स) की पढ़ाई करूंगी। यह कॉलेज बहुत प्रसिद्ध है। यह परिसर बहुत खूबसूरत है।'' राजपूत ने कहा, ''हमें कॉलेज के पहले दिन केवल दस्तावेज जमा करने हैं और फिर संवाद कार्यक्रम होगा। मुझे नहीं लगता कि पहले दिन कोई कक्षा होगी। नये बच्चों के स्वागत के लिए कॉलेज भर में पोस्टर चस्पा किए गए थे।

## सभी देश संप्रभुता का करें सम्मान, पाक–चीन सांठ गांठ पर जयशंकर ने ड्रैगन को खूब सुनाया



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन की सरकार प्रमुखों की परिषद की ऑनलाइन बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एक बार फिर चीन को सीधा संदेश दिया। चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग ने बैठक की मेजबानी की क्योंकि सरकार के प्रमुखों की परिषद की अध्यक्षता चीन द्वारा की जाती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन के देशों में बेहतर कनेक्टिविटी पर जोर दिया। संगठन की बैठक में जयशंकर ने यह भी कहा कि कनेक्टिविटी की इन परियोजनाओं में सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का भी सम्मान किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री की इस टिप्पणी को चीन के बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव प्रोजेक्ट के संदर्भ में देखा गया। संगठन से जुड़े शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में विडियो कॉन्फ्रेंस से शामिल हुए जयशंकर ने कहा कि (ईरान में) चाबहार बंदरगाह और श्इंटरनेशनल नॉर्थ–साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोरश क्षेत्र में आर्थिक क्षमता की संभावनाएं के नए रास्ते खोलेगा। ये प्रोजेक्ट मध्य एशियाई देशों में सुगम संपर्क का जरिया बन सकते हैं। बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि हमें मध्य एशियाई देशों के हितों का ध्यान रखते हुए एससीओ क्षेत्र में बेहतर संपर्क स्थापित करने की जरूरत है। एससीओ सदस्य देशों के साथ हमारा कुल व्यापार 141 अरब डॉलर का है। इसमें कई गुना वृद्धि की संभावना है। एससीओ में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। भारत और असर पह पाकिस्तान 2017 में सदस्य बने। जयशंकर ने कहा कि कनेक्टिविटी परियोजनाओं को सदस्य राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून का आदर करना चाहिए। उनकी इस टिप्पणी को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के संदर्भ में देखा जा रहा है।

## सचिन पायलट का गहलोत पर वार, मानगढ़ रैली के बाद गुलाम नबी आजाद से कर दी मुख्यमंत्री की तुलना



जयपुर। राजस्थान में पार्टी के भीतर की सियासी रार एक बार फिर से उभरने लगी है। पार्टी का आंतरिक कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। इसका ताजा उदाहरण राजस्थान में सचिन पायलट द्वारा दिए गए बयान के बाद पता चला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा साथ में मंच साझा करने के बाद राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बयान दिया है कि पीएम मोदी की तारीफ करने के बाद कहा कि ये नया अंदेशा दिखा रहा है। पायलट ने हमला बोलते हुए कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मानगढ़ में अशोक गहलोत की तारीफ की है उससे काफी कुछ साफ हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारिफ करने से अंदेशा हो रहा है। बांसवाड़ा के पास मानगढ़ धाम में मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अशोक गहलोत दोनों ने ही एक दूसरे की तारीफ की थी। उन्होंने गहलोत की तारीफ किए जाने के बाद कहा कि इससे पहले प्रधानमंत्री ने सदन में पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद की भी तारीफ की थी। इसके बाद क्या हुआ था ये सभी को पता है। पायलट ने अशोक गहलोत की सीधे तौर पर गुलाम नबी आजाद से तुलना कर दी है। सचिन पायलट के बयान से कांग्रेस पार्टी में फिर उथल पुथल की संभावना पैदा हो गई है।

हाईकमान से पायलट की मांगः इसी के साथ पायलट ने हाईकमान से मांग की है कि पार्टी में हो रही घटनाओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए। कुछ विधायकों ने पहले एक अन्य बैठक बुलाई थी, जिसे अनुशासनहीनता माना गया था। इस मामले में नोटिस भी दिए गए थे। अब उनके खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए।

## गुजरात चुनाव के कारण खेला जा रहा है सीएए का खेल

### मोरबी की घटना को लेकर भी ममता ने उठाए सवाल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा





मोरबी की घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ ईडी और सीबीआई कार्रवाई क्यों कर रहे हैं? वे केवल आम लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। जवाबदेही तय होनी चाहिए...मैं पीएम के बारे में कुछ नहीं बोलूंगी क्योंकि यह उनका राज्य है...मैं राजनीति के बारे में कुछ नहीं बोलूंगी। ममता बनर्जी ने कहा मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी क्योंकि लोगों की जिंदगी राजनीति से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं संवेदना व्यक्त करता हूँ। कई की मौत हो चुकी है और कई अब भी लापता हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मोरबी की घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के तहत एक न्यायिक आयोग बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मैं तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन से मिलूंगा, वह मेरे राजनीतिक मित्र हैं।

## दिल्ली में महिलाओं के लिए होगा खास मौहल्ला क्लीनिक, मुफ्त मिलेगा इलाज





नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए खास मौहल्ला क्लीनिक शुरू करने का ऐलान किया है। महिलाओं के लिए इन मोहल्ला क्लीनिक में स्त्री रोग संबंधी सेवाएं, जांच और दवाएं मुफ्त में उपलब्ध होंगी। दिल्ली सरकार की मोहल्ला क्लीनिक स्वास्थ्य के लिहाज से अहम योजना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के लिए विशेष मोहल्ला क्लीनिक शुरू कर रही है। मोहल्ला क्लीनिक प्रणाली केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों में से एक है, जिसका मकसद दिल्ली में प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली को बढ़ावा देना है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, "दिल्ली की महिलाओं के लिए खुशखबरी। बुधवार से दिल्ली की विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं में एक और नयी पहल होने जा रही है। सरकार महिलाओं के लिए विशेष 'महिला मोहल्ला क्लिनिक' शुरू करने जा रही है, जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं, जांच व दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध होंगी।" इस नयी पहल के बारे में अधिक जानकारी का इंतजार है। दिल्ली सरकार द्वारा 25 मार्च को विधानसभा में पेश आउटकम बजट के अनुसार, केजरीवाल सरकार का लक्ष्य 1,000 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक (एएएमसी) खोलने का है, जिनमें से 520 एएएमसी 31 दिसंबर 2021 तक राष्ट्रीय राजधानी में संचालन में थे। बजट में कहा गया था कि प्रत्येक एएएमसी रोजाना औसतन 116 मरीजों का इलाज करता है। इस लिहाज से पूरी दिल्ली में एएएमसी में प्रतिदिन 60,000 से अधिक रोगियों का इलाज होता है। बता दें कि मोहल्ला क्लीनिक योजना दिल्ली सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसे प्राइमरी हेल्थ सेंटर कहा जाता है।

## अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के दौरान बढ़ा भीड़ का दबाव, 5 श्रद्धालु घायल

अयोध्या। अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के के दौरान अचानक



भीड़ का दबाव बढ़ जाने के कारण पांच श्रद्धालु घायल हो गए। एक श्रद्धालु को लखनऊ रेफर किया गया। वहीं अन्य चार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं इस घटना के बार में प्रशासन और पुलिस की तरफ से अभी तक कुछ नहीं कहा गया है। जानकारी के मुताबिक रात एक बजे हनुमान गुफा मार्ग पर परिक्रमा के दौरान अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया। जिसके चलते धक्का–मुक्की होने लगी और बैरिकेडिंग टूट गई। इससे अफरा–तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान पांच श्रद्धालु घायल हो गये। स्थानीय लोगों के मुताबिक कुछ अन्य लोगों को हल्की चोटे आई हैं। सभी घायल श्रद्धालु महिलाएं हैं। घायलों में कल्याणी, कीर्ति, रामादेवी, सावित्री और बीट्टी शामिल हैं। इसमें से सावित्रि को लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सभी बहराइच जिले की रहने वाली हैं। घायल महिलाओं को बुधवार को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।







## बुरी नजर से देखने वालों पर तत्काल पलटवार करने में सक्षम भारतः रक्षा राज्यमंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने बुधवार को कहा कि भारत की तरफ कोई भी बुरी नजर से देखने की हिमाकत नहीं कर सकता और देश तत्काल पलटवार करने में सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जल, थल और वायु समेत सभी क्षेत्रों में एक नेता के तौर पर उभरा है। भट्ट से लद्दाख में चीन की गतिविधियों के बारे में पूछा गया, जिस पर उन्होंने कहा, "कोई भी हमारी तरफ बुरी नजर से देखने की हिमाकत नहीं कर सकता। और अगर कोई ऐसा करता है, तो हम तत्काल पलटवार करने में सक्षम हैं।" उन्होंने चीन के बारे में प्रत्यक्ष रूप से कोई जवाब नहीं दिया और कहा कि वह कुछ मुद्दों पर बात करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। भट्ट ने रक्षा, परिवहन एवं ऊर्जा वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से यह बात कही।

## शीला ने किया था आवास योजना का शिलान्यास, मोदी सरकार में छह साल विलंब हुआः कांग्रेस



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिल्ली के कालकाजी इलाके में आवासों का उद्घाटन किए जाने की पृष्ठभूमि में बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए शीला दीक्षित ने 2013 में इस आवासीय योजना का शिलान्यास किया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकर ने इसमें छह साल का विलंब कर दिया और आवंटित बजट में 68 प्रतिशत की वृद्धि भी कर दी। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके किसी विधायक ने योजना के विलंब को लेकर एक बार भी सवाल नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी दिल्ली के कालकाजी इलाके में झुग्गी–झोपड़ीवासियों के पुनर्वास के लिए नवनिर्मित 3,024 ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) आवासों का उद्घाटन किया और लाभार्थियों को घर की चाबी सौपीं। सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाताओं से कहा, ''ये 3024 वो फ्लैट हैं जो 'इन सिटू स्कीम' (झुग्गी के स्थान पर ही आवास) योजना के तहत बनाए गए हैं, जिनका शिलान्यास 18 सितंबर 2013 को पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित जी ने किया था।'' उनके अनुसार, इस योजना के तहत कुल 8064 घर बनने थे। इसके पहले चरण में 3024 घर बनने थे जो 2013 में शुरू होता और 2016 में खध्त्म हो जाता।

# गौवंश के संरक्षण संवर्धन को दृढ इच्छा शक्ति दिखाए सरकार:चम्पत राय

## श्रीराम गौशाला में वैदिक विधि विधान से गौवंशो का हुआ पूजन

अयोध्या। गोपाष्टमी पर्व पर कारसेवक पुरम स्थित श्रीराम गौशाला में वैदिक विधि विधान से गौवंशो का पूजन हुआ। पूजन पं इन्द्रदेव मिश्र व वैदिक राघव मिश्र ने कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीराम गौशाला समिति के अध्यक्ष व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने कहा कि प्राचीन काल से मान्यता है कि गावो विश्वस्त मातरः अर्थात गाय ही विश्व की माता है। भारत की तो यह आत्मा ही है। गऊ पालन परिवारों पर बोझ नहीं,बल्कि परिवार के सुखी व सम्पन्न होने का जरिया है। जो मनुष्य को संकटों से मुक्त करता है। उन्होंने कहा कि गौवंशो के संरक्षण और संवर्धन के लिये सरकारों को दृढइच्छा शक्ति का प्रदर्शन करना होगा।वहीं समाज को चाहिए कि वह गौ पालन को बल प्रदान करे। समिति के उपाध्यक्ष अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भाजपा सरकारें गौरक्षण हेतु गौशालाओ को हर तरह से सहयोग कर रही हैं। गऊवंश का संरक्षण संवर्द्धन हर हाल में होना चाहिए, लेकिन बिना समाज के सहयोग के स्वालंबी और विकसित गौशालाओं की कल्पना संभव नहीं है। प्रबंधक पुरुषोत्तम नारायण सिंह ने बताया कि गौ संरक्षण के लिए श्रीराम गौशाला तीन दशक से जुटी है। गौ वंश के संरक्षण–संवर्धन के साथ गौशाला के स्वालंबन को बढ़ावा देने के लिए यहां तमाम तरह के औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है। गौशाला को राज्य सरकार से गठित गौ सेवा आयोग का सहयोग मिल रहा है। इस असवसर पर महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, राजेंद्र सिंह पंकज, विधायक वेद गुप्ता,कथाव्यास शान्तनु महाराज, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह,गिरीश पांडेय"डिप्पुल", गोशाला के सह प्रबंधक शरद शर्मा,वीरेन्द्र, सदस्य लालजी जायसवाल,शिवदाससिंह, धीरेश्वर वर्मा,आचार्य दुर्गा,आदित्य उपाध्याय,बालचंद वर्मा,राजेन्द्र वर्मा,अमित तिवारी,वरूण राय,राधेश्याम गुप्ता,राजा वर्मा,कमला देवी,सहजराम मौर्य आदि ने गौवंश का श्रृंगार कर गुड़,पूड़ी,केलों का भोग लगाया और गौवंश के रक्षा का संकल्प लिया।

# मोरबी की घटना पर पीएम मोदी देश से मांगे माफी: प्रमोद तिवारी

## –राज्यसभा सांसद के अयोध्या पहुंचने पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

अयोध्या। राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद पहली बार अयोध्या आए सांसद प्रमोद तिवारी का कांग्रेसजनों ने देवकाली बाईपास पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा भारतीय जनता पार्टी का नाम घोटाला सरकार कर दिया जाना चाहिए क्योंकि आज पूरे प्रदेश के हर विभागों में घूसखोरी अपने चरम पर है और बेशर्मी के साथ सरकार के हर विभागों में घूस मांगी जा रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा मोरबी की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश से माफी मांगने चाहिए।

घड़ी बनाने वाली उस कंपनी को पुल के मरम्मत ठेका दिया जाना जिसे इस क्षेत्र का कोई अनुभव नहीं है इस बात का द्योतक है कि यह दुखद घटनाक्रम भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है । श्री तिवारी ने कहा लखनऊ से अयोध्या तक का रास्ता पूरी तरह से खराब हो चुका है। अब सड़क की जगह गड्ढा पाटो सड़क रह गई है ।एक तरफ से सड़कों के गड्ढे भरे जा रहे हैं और दूसरी तरफ से टूटते जा रहे हैं।

श्री तिवारी ने कहा हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन को देखकर भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह भयभीत है। भारत जोड़ो यात्रा आम आदमी के दुख दर्द को साथ लेकर चल रही। इस यात्रा की सफलता यह दर्शाती है अगले चुनाव में बीजेपी का सूपड़ा पूरे देश से साफ हो जाएगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया प्रमोद तिवारी अयोध्या होते हुए बस्ती किसी कार्यक्रम में जा रहे थे। सांसद प्रमोद तिवारी का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्रा ,दयानंद शुक्ला ,नागा राम लखन दास, अनूप मिश्रा ,प्रवीण श्रीवास्तव ,संजय तिवारी ,भीम शुक्ला ,विजय पांडे ,सुरेंद्र सिंह सैनिक, रामेंद्र त्रिपाठी, चंचल सोनकर, महंत जय मंगल दास ,डॉ विनोद गुप्ता ,धीरेंद्र प्रताप सिंह बबलू आदि रहे।

# छात्रा से छेड़छाड़ व मारपीट करने वाला दबंग युवक गिरफ्तार

## घटना का वीडियो बनाने वाले नाबालिग बालक को भी पुलिस ने भेजा जेल

मिल्कीपुर–अयोध्या । विद्यालय जा रही कक्षा 11 की छात्रा के साथ छेड़खानी व मारपीट करने वाले दबंग युवक सूरज सिंह सहित घटना का वीडियो बनाकर जिस नाबालिक बालक ने मामले को उजागर किया था, कुमारगंज पुलिस ने उसको भी बाल अपचारी बना कर जेल भेज दिया। कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 11 की छात्रा बीते 29 अक्टूबर की सुबह लगभग 8:30 बजे घर से विद्यालय साइकिल से जा रही थी रास्ते में पड़ोसी गांव पिठला के दबंग सूरज सिंह पुत्र हरिभान सिंह अपने अन्य दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल से खड़े थे। जैसे ही छात्रा उनके करीब पहुंची सूरज सिंह ने रोककर छात्रा के बाल को पकड़कर गाली गलौज करते हुए थपड़ों से मारना पीटना शुरू कर दिया था । पिठला गांव निवासी कक्षा सात में पढ़ने वाले नाबालिग छात्र ने घटना के दौरान पूरा वीडियो अपनी मोबाइल में बना लिया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, तमाम राजनीतिक दलों एवं समाजसेवियों द्वारा ट्विटर हैंडल पर अपलोड कर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई तो आखिरकार कुमारगंज पुलिस नींद से जागी और पीड़िता छात्रा के परिजनों से संपर्क कर तहरीर ली , तहरीर के आधार पर पुलिस ने बालिका से छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी सूरज सिंह समेत दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने ही मुख्य आरोपी सूरज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए जाने की बात कही थी। लेकिन अयोध्या पुलिस ने प्रेस नोट एक नवंबर को दिया जिसमें बताया गया है कि कुमारगंज पुलिस को सूचना मिली कि छात्रा से मारपीट व छेड़छाड़ करने वाला आरोपी थाना क्षेत्र के पिठला चौराहे से हलियापुर बॉर्डर मार्ग पर खड़ा है। सूचना मिलते ही एनडीए चौकी प्रभारी संतोष मौर्या, उप निरीक्षक उमेश वर्मा, अभिषेक सिंह, कांस्टेबल मनदीप चौधरी, अजय कुमार ,अनुज कुमार मौके पर पहुंच कर सूरज सिंह पुत्र हरि भान सिंह, विकास पुत्र बुद्धि राम व एक बाल अपचारी को पकड़ लिया, पुलिस की तलाशी में सूरज सिहं के पास से एक 315 बोर देसी तमंचा, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक सीज शुदा मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार सिटी बरामद किया।पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# राजसूय यज्ञ में सीएम को आमंत्रित करने पहुचे सफीपुर विधायक

सफीपुर, उन्नाव। राजसूय यज्ञ में मुख्यमंत्री को आमंत्रित करने के लिए विधायक बम्बालाल दिवाकर के नेतृत्व में चार सदस्य प्रतिनिधि मंडल पहुचा। मुख्यमंत्री द्वारा यज्ञ में आने का अस्वाशन मिलने के बाद आयोजको में उत्साह को लहर दौड़ गयी। विधान सभा सफीपुर के मियागंज चौराहे पर आगामी दस नवंबर से चौदह नवंबर तक आयोजित होने वाले राजसूय यज्ञ का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में विधायक बम्बालाल दिवाकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पहुचा। जिसमे आयोजक मुकेश गुप्ता, पूर्व प्रमुख बलवीर सिंह व पिहानी हरदोई गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने मुख्यमंत्री को यज्ञ में आने का आमंत्रण दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही राजा है। राष्ट्रहित में और लोकमंगल के लिए राजसूय यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन निरंतर होने ही चाहिये। यह विचार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर रविवार की शाम राजसूय यज्ञ का आमंत्रण देने गये प्रतिनिधि मंडल के सम्मुख व्यक्त किये। उन्होंने आयोजकों को राजसूय यज्ञ की सफलता का आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने राजसूय यज्ञ के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के हित के लिए इस प्रकार के धार्मिक आयोजन आगे भी निरंतर होते रहने चाहिए। वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि गुजरात में कयी कार्यक्रम लगे हुये हैं तथापि आने का हर संभव प्रयास करेंगे उन्होंने स्पष्ट किया के यदि वे गुजरात के दौरे पर रहे तो उनके प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर राजसूय यज्ञ के निर्धारित यज्ञीय कर्मकाण्ड संपन्न कराएंगे। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री व मंत्रिपरिषद के अन्य मंत्रीगण राजतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में राजसूय यज्ञ में आहुतियां प्रदान करेंगे। आपको बताते चलें कि मियागंज में इस समय राजसूय यज्ञ की विराट यज्ञशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। गायत्री परिवार के स्वयंसेवक राजसूय यज्ञ की तैयारियों में जोर शोर से लगे हुये हैं। राजसूय यज्ञ की व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए उन्नाव की जिला अधिकारी तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्नाव के पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। गायत्री तपोवन के वास्तु विशेषज्ञ व इंजीनियर मुकेश कटारिया की देखरेख में राजसूय यज्ञ की विराट यज्ञशाला बनाई जा रही है।

# धान क्रय केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

सोहावल–अयोध्या। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में सरकारी क्रय केंद्रो पर धान की 1 नवम्बर से खरीद शुरू हो रही है।क्रय केंद्रों की धान खरीद की तैयारी को लेकर उप–जिलाधिकारी सोहावल मनोज कुमार ने निरीक्षण किया । उप–जिला अधिकारी ने बताया कि तहसील क्षेत्र में पड़ने वाली आर एफ सी मार्केटिंग कटरौली ,पी सी एफ कोट सराय तथा किसान सेवा केंद्र खिरौनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में क्रय केंद्रों पर धान खरीद की सारी व्यवस्थाएं सही पाई गयी स केंद्र प्रभारी अपने सहयोगियों के साथ केंद्र पर मौजूद मिले।धान खरीद का आज पहला दिन था। क्रय केंद्रों पर निरीक्षण के समय तक कोई किसान अपना धान लेकर नहीं पहुंचा था। केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया है कि धान खरीद में किसानों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाय।जिससे उनको धान बेचने में कोई दिक्कत न होने पाये।

# अवध विवि के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न

## -राजेश पाण्डेय, जितेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष व महामंती श्याम कुमार व शिव बहादुर चुने गए

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का चुनाव सरदार वल्लभभाई पटेल प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित कुलसचिव सभाकक्ष में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारीध्सहायक कुलसचिव मोहम्मद सहील के पर्यवेक्षण में तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार पाण्डेय 70 मत पाकर विजयी घोषित हुए। वही विपिन यादव को 24 मत प्राप्त हुए। कुल 96 मत पड़े जिसमें दो मत अवैध पाये गये। दूसरी ओर महामंत्री के पद पर 96 मत पड़े जिसमें श्याम कुमार 45 मत पाकर विजयी घोषित हुए। वही डॉ0 राकेश गुप्ता 24 मत, मनोज त्रिपाठी 23 मत व अनिल दूबे को 01 मत पाकर संतोष करना पड़ा। उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती वल्लभी तिवारी, संयुक्त मंत्री पद पर राम मिलन पाल, संगठन मंत्री पद पर पंकज कुमार तथा कोषाध्यक्ष के पद दिनेश लाल श्रीवास्तव निर्विरोध चुने गए। दूसरी ओर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए कुल 46 मत पड़े जिसमें एक अवैध मत रहा। इसमें जितेन्द्र बहादुर सिंह 27 मत पाकर अध्यक्ष पद के लिए विजयी घोषित किए गए। वहीं राघव राव को 18 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद के लिए शिव बहादुर यादव 27 मत पाकर विजयी घोषित किए गए। संतोष कौशल को 19 मत प्राप्त हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर त्रिलोकी प्रसाद, उप महामंत्री पद पर अजीत कुमार, संगठन मंत्री पद पर राम निहोरे, कोषाध्यक्ष के पद पर आशाराम निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी मोहम्मद सहील ने बताया कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का चुनाव डॉ0 मोहन चन्द्र तिवारी, विष्णु प्रताप यादव व शरीफ अहमद के विशेष सहयोग से सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। प्रत्याशियों के विजयी होने पर कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह, विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव उमानाथ सहित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

# दस फीट लंबा अजगर निकलने से हड़कंप

मिल्कीपुर–अयोध्या। चौकी क्षेत्र बारुन के ग्राम पंचायत करमडांडा मजरे लघुनी मिश्र का पुरवा में 10 फीट लंबा अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। कबाड़ व्यवसाई मनोज मिश्रा पुत्र शिव प्रसाद उर्फ पुजारी मिश्रा के घर के सामने रात साढ़े आठ बजे विशालकाय अजगर को पड़ोसी हेमंत मिश्रा ने सबसे पहले देखा।हेमंत ने इसकी जानकारी तुरंत पड़ोसी मनोज मिश्रा समेत अन्य गांव वालों को दिया।अजगर निकलने की सूचना पर थोड़ी ही देर में मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया।ग्रामीणों ने बगल की ग्राम पंचायत सारी से एक सपेरे को बुलाकर अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़वाया। पकड़े गए विशालकाय अजगर को ग्रामीणों ने थोड़ी दूर स्थिति जंगल में ले जाकर छोड़ दिया।

# यातायात माह का एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

उन्नाव पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी,अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ,नगर मजिस्ट्रेट विजेता, एसडीएम सदर नुपुर गोयल, क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष कुमार ,यातायात की उपस्थिति मे फीता काटकर यातायात माह नवम्बर का यातायात कार्यालय प्रांगण में भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात एसपी उन्नाव ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया गया, इसी कड़ी में विगत वर्षो की भांति पैट्रियोट इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व नुक्कड़ नाटक व किंग्सन इण्टर कालेज के छात्र–छात्राओ द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आरटीओ प्रशासनिक आदित्य त्रिपाठी व एआरटीओ प्रवर्तन अरविन्द सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन प्रतिभा गौतम, व्यापार मण्डल व ट्रासपोर्ट एसोसियन के अधयक्ष व अन्य वाहन चालक व जनता के अन्य सम्भ्रान्त नागरिक मौजूद रहे। वही पुलिस अधीक्षक ने यातायात जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । एसपी ने आम जनमानस को बताया कि आप सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, हेलमेट अवश्य लगाएं, सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, दुपहिया पर तीन सवारी बैठकर रोड पर ना चले । उन्नाव जनपद में सक्रिय रूप से जागरूकता अभियान को बल दिया गया । कार्यक्रम का संचालन व समन्वयक डॉ रचना सिंह व डॉ आशीष श्रीवास्तव ने किया व नुक्कड़ नाटक व सरस्वती वंदना व पूरे कार्यक्रम में डॉ रचना सिंह व डॉ आशीष श्रीवास्तव व पत्रकार रोहित मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। यातायात प्रभारी अरविन्द पाण्डेय द्वारा आए हुए सभी अधिकारीगण एवं आम जनमानस का आभार प्रकट किया गया । यातायात कार्यालय से उ0नि0 यातायात राजेश सिंह, उ0नि0 यातायात तिलक सिंह, उ0नि0 यातायात हरमेंद्र प्रताप सिंह, उ0नि0 यातायात सुरेश बाबु व उ0नि0 यातायात रामजी सिंह, एच0सी0पी0 मो0 मुजीब, एच0सी0 अनिल कुमार, एच0सी0 रामप्रकाश, का0 टीपी0 मुकेश कुमार गौतम, आरक्षी आदित्य दुबे, आरक्षी मुकेश कुमार, महिला आरक्षी अर्चना दुबे ने 150 गुलाब के फूल व 450 पम्पलेट बिना हेल्मेट चला रहे दुपहिया वाहन चालको को दिये तथा सभी से यातायात नियमों के पालन की अपील की गई।

# शहर में डेंगू कहर जारी,मरीजों में प्लेटलेट्स डेढ़ लाख से 50 हजार पर आई

कानपुर। शहर में डेंगू कहर बरपा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की हवाइयां उड़ गईं। पहली बार डेंगू हेमरेजिक के भी दो रोगी सामने आए, हालत गंभीर होने पर इन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू कोरोना की तरह व्यवहार कर रहा है। जिस तरह कोरोना होने के बाद फेफड़ों पर असर होता है और ऑक्सीजन लेवल कम होता है। उसी तरह इसमें हो रहा है। उसी तरह डेंगू के मर्ज में बुखार उतरने के छह दिन बाद भी प्लेटलेट्स कम हो रहा है। कई मरीजों में तो प्लेटलेट्स डेढ़ लाख से 50 हजार पर आ गया है। चौबेपुर के कुकरादेव गांव में प्रधान समेत दस लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। 20 से ज्यादा बुखार के मरीज हैं। चौतरफा दहशत का माहौल है। प्रधान विद्या सागर, पत्नी विजय लक्ष्मी, बेटा शोभित के साथ आयुष बाजपेई, राधेश्याम दीक्षित, मोनी, शील कुशवाहा, अवधेश सविता समेत कई की जांच में डेंगू वायरस मिला है। सभी की प्लेटलेट्स काफी कम आई हैं। मरीजों को लेकर प्राइवेट अस्पताल का रुख किया जा रहा है। चौबेपुर सीएचसी प्रभारी यशो वर्धन ने बताया कि दवा का छिड़काव शुरू किया गया है। डेंगू लार्वा से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया है। डेंगू का डंक तेजी से लोगों को लग रहा है। इन सबके बीच ऐसे मरीज मिल रहे हैं, जिनमें डेंगू के सारे लक्षण मिल रहे हैं, लेकिन जांच में डेंगू निगेटिव मिल रहे हैं। इस बार इस तरह के मरीजों में ठीक–ठाक देखने को मिल रहा है। आमतौर पर डेंगू के मच्छर के काटने के बाद बुखार से शुरू होने वाली इस डेंगू की बीमारी में धीरे–धीरे मरीज की प्लेटलेट्स गिरने लगती हैं और वह अपने न्यूनतम स्तर से काफी नीचे पहुंच जाती हैं, जिससे मरीज की जान जाने का खतरा पैदा हो जाता है। जिस तरह कोरोना में फेफड़े पर असर पड़ता है उसी प्रकार डेंगू में प्लेटलेट्स पर खतरा मंडराता है। हालांकि हाल ही में कुछ ऐसे मामले भी देखे जा रहे हैं जिनमें मरीजों में डेंगू नहीं निकलता लेकिन उनकी प्लेटलेट गिर जा रही है।

# विधि विधान के साथ भरतकुंड महोत्सव का शुभारंभ

## चरण पादुका यात्रा का हुआ स्वागत, उतारी गई आरती

अयोध्या। महात्मा भरत जी की तपोस्थली भरतकुंड में विधि विधान के साथ 24 वें भरतकुंड महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन भव्य स्वरूप के साथ चरण पादुका यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह–जगह स्वागत हुआ और आरती उतारी गई। सात दिवसीय भरतकुंड महोत्सव के पहले दिन प्रतियोगिताएं भी हुईं।महोत्सव शुभारंभ पर अयोध्या शोध संस्थान अयोध्या से निकाली गई चरण पादुका यात्रा विद्याकुंड, दर्शननगर, आचारी का सगरा, इतौरा, हनुमंत नगर, मधुपुर होते हुए नंदीग्राम में पहुंची। पूरे यात्रा मार्ग पर जगह दृ जगह स्वागत हुआ और आरती उतारी गई। आयोजन समिति ने बताया कि यह चरण पादुका अगले दीपोत्सव में पुनः राम राज्याभिषेक के समय अयोध्या ले जाई जायेगी। यात्रा न्यास अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में निकली।यात्रा में चरण पादुका सिर पर रखे भरत, शत्रुघ्न, वशिष्ठ और सुमंत्र के वेश में कलाकार रहे। यात्रा में महंत गिरीशपति त्रिपाठी, कृपालु भूषण दास महाराज, महंत बृज मोहन दास, सतीश पाण्डेय, योगेश मिश्रा, सचिन तिवारी, सुमित तिवारी, काजल पाठक, संदीप चतुर्वेदी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री के रिश्तेदार समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

उन्नाव पुरवा पूर्व मंत्री के रिश्तेदार व ग्राम प्रधान समेत दोनों पक्षों के कुल तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया। कोतवाली क्षेत्र के मंगतखेड़ा के समीप पड़री मार्ग पर स्थित बेशकीमती भूमि पर कब्जेदारी को लेकर दो गुटों में भयंकर विवाद हो गया जहां प्रत्येक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गम्भीर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो के अनुसार कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में जमकर हंगामा हुआ। ग्राम प्रधान मंगतखेड़ा मनोज दुबे पुत्र स्व० शिवमोहन दुबे ने आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री गंगा बख्श सिंह के बेटे योगेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू सिंह वैध–अवैध असलहों व धारदार हथियारों से लैस होकर अपने दर्जनों साथियों के साथ उनकी भूमि पर चार पहिया वाहनों से आ धमके और जान से मारने का प्रयास किया। बतौर ग्राम प्रधान वह क्षेत्रीय लेखपाल के कहने पर उक्त भूमि पर गया था। वहीं दूसरी ओर गौरव प्रताप सिंह पुत्र प्रबल प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उनकी भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे मनोज दुबे एवं उनके भाइयों तथा उनकी माता को रोकने गया था तो पहले से ही हमले की तैयारी किए बैठे उक्त पक्ष ने हमारे ऊपर हमला कर दिया जिससे उनके कई साथी गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज जारी है।

उक्त प्रकरण के तूल पकड़ने के बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने उठा लाई। कोतवाली पुलिस ने सबसे पहले हमले के आरोपी गौरव प्रताप सिंह की तहरीर पर ग्राम प्रधान मनोज दुबे, उनके तीनों भाइयों संतोष, विनोद व संदीप तथा माता श्यामा देवी के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में अभियोग दर्ज कर लिया। जैसे ही इसकी जानकारी मनोज दुबे के पक्ष को हुई तो उनके लोगों ने उच्चाधिकारियों से सम्पर्क साधा और अपनी आप बीती सुनाई। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद मनोज दुबे की तहरीर पर गौरव प्रताप सिंह समेत उनके नौ साथियों पर नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया जबकि लगभग एक दर्जन अज्ञात भी आरोपी हैं। मनोज दुबे गुट व मीडिया द्वारा पुरवा कोतवाली पुलिस की भूमिका पर संदेह जताया। आपको बता दें कि तौरा निवासी पूर्व मंत्री बी सिंह के बेटे योगेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू सिंह हैं। गौरव प्रताप सिंह उनके रिस्तेदार बताए जा रहे हैं। फिलहाल .... कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों से गौरव प्रताप सिंह पुत्र प्रबल प्रताप सिंह निवासी आवास विकास कालोनी उन्नाव, बृजेन्द्र सिंह उर्फ डम्पी पुत्र वंशगोपाल सिंह निवासी ग्राम तौरा तथा मनोज दुबे पुत्र स्व० शिवमोहन दुबे निवासी ग्राम मंगतखेड़ा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पूरे घटनाक्रम में कई बार उतार–चढ़ाव देखने को मिला और कई सफेदपोश दोनों पक्षों की मदद का प्रयास करते रहे।

# पराली जलाने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। परालीध्फसल अवशेषध्कृषि अपशिष्ट जलाने से रोकने एवं उचित प्रबन्धक हेतु कम्बाइन हार्वेस्टिंग मशीन स्वामियों के साथ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर के बिना सुपर एस0एम0एस0 अथवा फसल अवशेष प्रबन्धन के अन्य यंत्रों को प्रयोग में लाये बगैर कटाई का कार्य किया जायेगा तो उक्त कम्बाइन को हार्वेस्टर को सीज कर दिया जायेगा तथा कम्बाइन हार्वेस्टर मालिक के विरूद्ध प्रदूषण फैलाने में सहायक होने के कारण विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा शासन के निर्देश का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। फसल अवशेष प्रबन्धन के अन्य यंत्रों के बिना कम्बाइन न चलाये। यदि आप लोग ऐसा करते है तो इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगे। उपकृषि निदेशक अरविन्द विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद स्तर पर मानीटरिंग हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। तहसील स्तर पर भी मानीटरिंग हेतु टीमे गठित की गयी है। जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह ने कहा कि किसानो को जागरूक करे कि फसल अवशेष न जलाये तथा पराली जलाने से होने वाले हानि के बारे में जानकारी दे। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी नौगढ़, उप कृषि निदेशक अरविन्द विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, कम्बाईन स्वामी आदि उपस्थित थे।

# सांसद जगदंबिका पाल ने कोचिंग संस्थान द कॉन्सेप्ट क्लासेस का किया उद्घाटन





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर के मधुकरपुर में इंजीनियरिंग मेडिकल सीए फाउंडेशन की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग संस्थान द कॉन्सेप्ट क्लासेस का उद्घाटन लोकसभा डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल के कर कमलों द्वारा किया गया कार्यक्रम में सांसद ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरीके की कोचिंग संस्थान का शुभारंभ जिले में पहली बार हो रहा है और मेरी इच्छा है की इस संस्थान से बच्चे पढ़ कर आईआईटी नीट सीए जैसी प्रवेश परीक्षाओं को अच्छे नंबरों द्वारा पास करके देश के उच्चतम शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाएं इस अवसर पर पत्रकार राजेंद्र पांडे कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी, समाजसेवी जयंत पांडे, राजेश शर्मा, फतेह बहादुर सिंह, अर्चित स्वान मिश्रा नगर अध्यक्ष भाजपा नौगढ़, मुरारी सिंह, प्रदीप राज मौर्य, रामदास त्रिपाठी महामंत्री उसका बाजार भाजपा, अमरेंद्र प्रताप सिंह और संस्था संचालक गण सौरभ पांडे महेंद्र यादव और प्रदीप दुबे की गरिमामय उपस्थिति रही।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में अनुसार जिला पंचायत कार्यालय, सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सन्तोष कुमार सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, वरिष्ठ वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत, एवं अभियन्ता, जिला पंचायत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर मुख्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जिला पंचायत में स्वीकृत पदों के सापेक्ष 49 अधिकारीध्कर्मचारियों कार्यरत है। कार्यालय के सभी पटल एवं अभिलेखो तथा आवासीय भवनों का निरीक्षण किया गया। कार्यालय के परिसर में सीढ़ी के नीचे लगे पावर पैनल को ठीक कराने तथा शौचालय की नियमित साफ–सफाई कराने के निर्देश दिये गये। सामान्य कार्यालय कक्ष में पुराने अभिलेख अलमारी के उपर बस्ते में बाध कर रखे गये थे, जिसे नियमानुसार वीड़िग कराने के निर्देश दिये गये। अलमारियों की स्थिति अत्यन्त खराब थी। जिसे ठीक कराने के निर्देश दिये गये। जन सूचना सम्बन्धित आवेदन पत्रों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। भवन के पीछे साफ–सफाई कराने के निर्देश दिये गये। जिला पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्वीकृत 95 कार्य जिसमें 24 कार्य पूर्ण एवं 71 निर्माणाधीन है। निर्माण कक्ष में पत्रावलियों का अवलोकन किया गया तथा निर्माणाधीन कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। निर्माण कार्य की पत्रावलियों पर पटल सहायक, लेखाकार एवं अधिकारी का नाम पदनाम का मुहर लगाने के निर्देश दिये गये।

# राहुल वर्मा के परिजनों से मिलने पहुचे सांसद जगदंबिका पाल

## हर प्रकार से सहायता दिलाने का दिया आश्वासन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। लक्ष्मी पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान जिला





मुख्यालय पर राहुल वर्मा नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार के बीच में सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी शोक सांत्वना व्यक्त की। सांसद ने कहा मृतक परिवार को हर प्रकार से सहायता दिलाया जायेगा। परिवार के पास एक बिस्सा भी भूमि नहीं है जिसपर जिला प्रशासन से बात करके पट्टे की जमीन उपलब्ध कराने को कहा। पीड़ित परिवार से बात करते हुए सांसद ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पप्पू सिंह, अरविंद दुबे, सौरभ शर्मा, पशुपति दुबे भोलू शर्मा जहीर सिद्धकी गिरजापति मनोज चौबे, मुरारी राजेंद्र, पांडे विक्की रस्तोगी, विक्की शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पांच नवंबर से चलेगा विशेष सदस्यता अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पूरे जनपद में पांच नवंबर से विशेष सदस्यता अभियान चलाएगा। इसके लिए





बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि किसी संगठन की मजबूती उसके सदस्यों की संख्या व संघर्ष पर निर्भर करता हैद्य पांच से 30 नवंबर तक सभी विकास खंडों में इस वर्ष के लिए विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हमेशा संघर्षरत रहा हैद्य और समाधान कराया हैद्य मंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि ब्लॉक पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग से सदस्यता अभियान चलावे और कक्षा एक से आठ तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को संगठन से जोड़ें। कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव ने सभी से अपेक्षा किया कि वे इस वर्ष की सदस्यता समय से जमा कर दें। इस दौरान गयानंद मिश्रा, लालजी यादव, इंद्रसेन सिंह, सुधाकर मिश्र, सत्येंद्र मिश्र, दिनेश सिंह, अखिलेश चौधरी, अजीत सिंह, श्रीश चंद, विजय प्रकाश, योगेंद्र यादव, रामशंकर पांडेय, महेश, सुनील तिवारी, हरिश्चंद आदि मौजूद रहे।

# चन्दन गुप्ता बने व्यापार मंडल अध्यक्ष



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल गोरखपुर के जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता ने उरुवा ब्लाक के भदारखास महादेवा बाजार निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी चन्दन गुप्ता को महादेवा मंडल का अध्यक्ष नामित किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत अध्यक्ष चन्दन गुप्ता ने कहा कि व्यापारी हितों के लिए निरन्तर संघर्ष करूँगा। व्यापारियों का सम्मान मेरे लिए सर्वोपरि है।

इनके अध्यक्ष बनने पर जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता, विनोद अग्रहरी, सौरभ अग्रवाल, हरिओम वर्मा, कृष्णा गुप्ता, आकाश, सतेंद्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, अरुण गुप्ता, अनिल अग्रहरी, अभिषेक पाल आदि ने बधाई देते हुए खुशी व्यक्त किया है।

# 100 वर्षीय गुमशुदा ससुर को तलाश रहे है परिजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम



पंचायत नियाव निवासी अनीता अपने पति के मरने के बाद 100 वर्षीय ससुर के आने का इंतजार कर रही है। बताते चले कि पीड़िता अनिता के पति की मृत्यु हाल ही में संदिग्ध परिस्थितियों में हो चुकी है। 100 वर्षीय ससुर के गायब होने और पति के मरने के बाद ससुर की सम्पति का बरसात नही हो पा रहा है, जिसके लिए वह तहसील की परिक्रमा करती नजर आ रही है। पीड़िता ने पुनः 04 अक्टूबर 22 को थानाध्यक्ष को संबोधित शपथपत्र में लिखा है कि करीब 12 वर्ष पूर्व उसके ससुर बिना किसी को कुछ बताये चले गए थे। तब उसके पति अपने रिस्तेदारी व नातेदारी में बहुत खोजबीन किये किन्तु पता नही चला और पति के मरने के बाद अब कहानी और उलझती जा रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि वह कब तक अपने ससुर के आने का इंतजार करे। बहरहाल वह अब भी अपने ससुर के आने का इन्तजार कर रही है ताकि कोई तो लाठी का सहारा बन सके।

# पेट्रोल पम्प स्वामी/प्रबन्धक के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के पेट्रोल पम्प स्वामीध्प्रबन्धक के साथ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि पेट्रोल पम्पो पर आने वाले ग्राहको के साथ अच्छा व्यवहार करे। डीजलध्पेट्रोल की सही नाप करे, घटतौली न करे। प्रायः उपभोक्ताओ की घटतौली की शिकायते प्राप्त हो रही है। उपभोक्ता द्वारा यदि पेट्रोल पम्प पर घटतौली की शिकायत की जाती है तो संबधित पेट्रोल पम्प के कर्मचारी दुर्व्यवहार करते है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पेट्रोल पम्प पर डीजलध्पेट्रोल लेने वाले उपभोक्ताओ के साथ विनम्रतापूर्ण व्यवहार किया जाये। जनपद में यदि किसी पेट्रोल पम्प की घटतौली या अन्य किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होगी तो उसकी जांच कराकर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसय अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, तथा पेट्रोल पम्प स्वामीध्प्रबन्धक आदि उपस्थित थे।





## सम्पादकीय

**उन्हें संख्या के आधार पर नहीं, उनकी योग्यता के आधार पर यह पद मिला है। 2025 के अगले चुनाव में यदि वे चुने गए और प्रधानमंत्री बन गए तो क्या वे अल्पसंख्यकों के वोट से बन जाएंगे? ब्रिटेन के लगभग 7 करोड़ लोगों में से भारतीय मूल के मुश्किल से 15 लाख लोग हैं। क्या इन ढाई प्रतिशत लोगों के वोट पर कोई 10, ...**

# ऋषि सुनक पर फूहड़ बहस

ब्रिटेन में ऋषि सुनाक के प्रधानमंत्री बनने पर भारत में बधाइयों का तांता लगना चाहिए था लेकिन अफसोस है कि हमारे नेताओं के बीच फूहड़ बहस चल पड़ी है। कांग्रेस के दो प्रमुख नेता, जो काफी पढ़े–लिखे और समझदार हैं, उन्होंने बयान दे मारा कि सुनाक जैसे अल्पसंख्यक को यदि ब्रिटेन–जैसा कट्टरपंथी देश अपना प्रधानमंत्री बना सकता है तो भारत किसी अल्पसंख्यक को अपना नेता क्यों नहीं बना पाया? यह बहस चलाने वाले क्यों नहीं समझते कि भारत तो ब्रिटेन के मुकाबले कहीं अधिक उदार राष्ट्र है। इसमें सर्वधर्म, सर्वभाषा, सर्ववर्ग, सर्वजाति समभाव की धारणा ही इसके संविधान का मूल है। उनके उक्त बयान का असली आशय क्या है? उसका असली हमला भाजपा पर है। भाजपा की



हिंदुत्व की अवधारणा ने कांग्रेसियों के होश उड़ा रखे हैं। हर चुनाव के बाद उनकी पार्टी सिकुड़ती जा रही है। कांग्रेस ने कई बार हिंदुत्व का पासा फेंका और दावा मारा लेकिन उसका पासा कभी सीधा पड़ा ही नहीं। अयोध्या में राजीव गांधी द्वारा राम–मंदिर का दरवाजा खुलवाना और राहुल का मंदिर–मंदिर भटकना अभी तक किसी काम नहीं आया तो अब कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा को रगड़ा देने के लिए ऋषि सुनाक को अपना औजार बना लिया है। लेकिन वे भूल गए कि ब्रिटेन के मुकाबले भारत कहीं अधिक सहिष्णु रहा है। जब कांग्रेसी श्अल्पसंख्यकश् शब्द का प्रयोग करते हैं तो उनका अर्थ सिर्फ मुसलमान ही होता है। भारत में डा. जाकिर हुसैन, फखरुद्दीन अली अहमद और ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने। क्या ये तीनों महानुभाव मुसलमान नहीं थे? भारत के कई अत्यंत योग्य मुसलमान सज्जन उप–राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सेनापति आदि रह चुके हैं। ब्रिटेन हमें क्या सिखाएगा? अभी उदारता में तो वह पहली बार घुटनों के बल चला है। सुनाक को प्रधानमंत्री तो उसने मजबूरी में बनाया है। छह साल में पांच प्रधानमंत्री उलट गए, तब जाकर सुनाक को स्वीकार किया गया है। वे प्रधानमंत्री इसलिए नहीं बनाए गए हैं, क्योंकि वे अश्वेत हैं, हिंदू हैं या वे ब्रिटिशतेर मूल के हैं। वे हीं कंजर्वेटिव पार्टी के अंतिम तारणहार दिखाई पड़ रहे थे। वे श्अल्पसंख्यकश् होने के कारण नहीं, अपनी योग्यता के कारण प्रधानमंत्री बने हैं। भारत तो एक इतावली और केथोलिक महिला (सोनिया गांधी) को भी सहर्ष प्रधानमंत्री मानने को तैयार था लेकिन वह स्वयं त्यागमूर्ति सिद्ध हुईं और उन्होंने एक सिख को, जो कि अत्यंत योग्य, अनुभवी और शिष्ट व्यक्ति थे याने डा. मनमोहनसिंह को प्रधानमंत्री पद सौंप दिया। क्या भारत के सिख बहुसंख्यक हैं? ऋषि सुनाक का प्रधानमंत्री बनना अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक की श्रेणी से बाहर का प्रपंच है। उन्हें संख्या के आधार पर नहीं, उनकी योग्यता के आधार पर यह पद मिला है। 2025 के अगले चुनाव में यदि वे चुने गए और प्रधानमंत्री बन गए तो क्या वे अल्पसंख्यकों के वोट से बन जाएंगे? ब्रिटेन के लगभग 7 करोड़ लोगों में से भारतीय मूल के मुश्किल से 15 लाख लोग हैं। क्या इन ढाई प्रतिशत लोगों के वोट पर कोई 10, डाउनिंग स्ट्रीट में जाकर बैठ सकता है? तो फिर इस फूहड़ बहस की तुक क्या है?

# सवाल तो मॉडल पर है

मोरबी का नगर प्रशासन यह कर अपनी जवाबदेही नहीं छुड़ा सकता कि उस कंपनी ने बिना सुरक्षा मंजूरी लिए पुल को इस्तेमाल के लिए खोल दिया। अगर ऐसा हुआ, तब तो यह और भी संगीन मामला है। ये विडंबना ही है कि जिस रोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा जाकर यह कहा कि भारत जल्द ही दुनिया में यात्री और मालवाही विमानों के उत्पादन का केंद्र बन जाएगा, उसी रोज यात्रियों को मोरबी में मच्छू नदी पार कराने के लिए पुनरुद्धार के बाद चार दिन पहले ही खोला गया झूलता पुल टूट कर गिर गया। इस हृदय विदारक दुर्घटना में लगभग सवा सौ लोगों की जान गई है। एक और विडंबना यह है कि 2016 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कोलकाता में एक फ्लाईओवर ढह गया था, तब मोदी ने उसे ममता बनर्जी सरकार के कथित भ्रष्टाचार से जोड़ा था। उन्होंने कहा था कि ये सरकार बनी रही, तो इस तरह पूरा पश्चिम बंगाल टूट जाएगा। अब गुजरात में चुनाव से ठीक पहले ऐसी ही घटना हुई है, तो इस पर किसकी जवाबदेही बनती है, यह प्रश्न जरूर पूछा जाएगा। अगर इस सवाल की हम पड़ताल करें, तो जवाबदेहियों के तीन स्तर नजर आते हैं। पहली जवाबदेही बेशक उस निजी कंपनी की है, जिसने ब्रिटिश राज में बने इस पुल का पुनर्निर्माण किया। इस बीच मोरबी का नगर प्रशासन यह कर अपनी जवाबदेही नहीं छुड़ा सकता कि उस कंपनी ने बिना सुरक्षा मंजूरी लिए पुल को इस्तेमाल के लिए खोल दिया। अगर किसी शहर या राज्य में कोई भी एजेंसी ऐसा करने की छूट आखिर कैसे दी जा सकती है? अगर ऐसा हुआ, तब तो यह और भी संगीन मामला है। बहरहाल, इस मामले में एक जिम्मेदारी उस विकास मॉडल की भी है, जिसमें सार्वजनिक धन या सेवाएं निजी कंपनियों को सौंप कर जनता की जान–माल की कीमत पर बेलगाम मुनाफा कमाने की छूट दे दी जाती है। यह मॉडल पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप के नाम से चर्चित रहा है। ताजा हादसे के बाद अगर इस मॉडल के अनुभव का ठोस आकलन नहीं किया जाता है और इस पर जरूरी प्रश्न नहीं उठाए जाते हैं, तो मोरबी में हताहत हुए लोगों को लेकर जताया जा रहा दुख निरर्थक बना रहेगा। ये बात ध्यान में रखने की है कि अपने देश में जवाबदेही तय करने की कमजोर रही परंपरा हर कुछ दिन पर ऐसा हादसा होते रहने का प्रमुख कारण है।

# प्रदेश में आत्म-निर्भर होते गाँव-सशक्तहोती महिलाएँ

**ग्रामीण अधो–संरचना विकास के कार्य भी प्रदेश में निरंतर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ग्राम–सड़क योजना में 8 हजार 942 गाँव को जोडने के लिये 20 हजार 89 किलोमीटर लम्बाई की 8 हजार 714 सड़क स्वीकृत की गई हैं, जिनमें अभी तक 19 हजार 135 किलोमीटर की 8 हजार 292 सड़क बनाई जा चुकी हैं। प्रदेश के 8 हजार 456 गाँव को बारहमासी एकल सम्पर्कता से जोड़ा जा चुका है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना...**

महेन्द्र सिंह सिसोदिया

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की ग्राम स्वराज की अवधारणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में मूर्त रूप ले रही है। प्रदेश के गाँव आत्म–निर्भर स्वायत्त इकाई के रूप में विकसित हो रहे हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि इनमें से अनेक की कमान महिलाओं के हाथ में है। प्रदेश में महिलाओं के 4 लाख से अधिक स्व–सहायता समूह हैं, जिनसे जुड़े 45 लाख से अधिक परिवार विभिन्न गतिविधियों से न केवल अपने परिवारों को आर्थिक रूप से आत्म–निर्भर बना रहे हैं, अपितु महिलाएँ भी सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

प्रदेश की 23 हजार 12 ग्राम पंचायत, 313 जनपद पंचायत और 52 जिला पंचायत के लिये हुए निर्वाचन में 630 सरपंच, 157 जनपद सदस्य और एक जिला पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे, जिनमें 415 महिला सरपंच हैं। विगत वर्षों में पंचायतों द्वारा स्वयं की आय के कर एवं गैर–कर राजस्व के स्रोतों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करते हुए स्वयं की आय के रूप में लगभग 189 करोड़ रूपये अर्जित किये गये हैं। साथ ही पंचायतें नवाचार में भी आगे हैं। सूर्य शक्ति अभियान्य्य में पंचायतों की विद्युत खपत को सौर ऊर्जा पर अंतरित किया जा रहा है। इससे पंचायतें अतिरिक्त वित्तीय संसाधन भी जुटा सकेंगी।

मुख्यमंत्री चौहान द्वारा प्रदेश के लिये तैयार किये गये आत्म–निर्भरता के रोडमेप पर कार्य करते हुए हमारा विभाग (पंचायत एवं ग्रामीण विकास) ग्रामीण क्षेत्रों को आत्म–निर्भर बनाने की दिशा में तेज गति से काम कर रहा है। ग्रामों में न केवल अधो–संरचना विकास, बुनियादी सुविधाएँ, रोजगार, स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर कार्य हो रहे हैं, अपितु प्रत्येक परिवार को पक्का आवास भी सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार दिलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में इस वित्त वर्ष में 152 करोड़ रूपये की लागत से प्रदेश में 125 अमृत सरोवर बनाये जा रहे हैं।

प्रदेश में महात्मा गाँधी नरेगा योजना में इस वित्त वर्ष में 36 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार दिलाया गया और 14 करोड़ 93 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित हुए। अनुसूचित जनजाति के परिवारों को रोजगार दिलाने में हमारा प्रदेश देश में अग्रणी है। प्रदेश में इस वित्त वर्ष में अनुसूचित जनजाति के 12 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार दिलाया गया और 4 करोड़ 79 लाख मानव दिवस सृजित हुए। इसी योजना से कैच द रेनश्श अभियान में ग्रामों में 2 लाख 70 हजार जल–संरचनाओं का निर्माण भी किया गया है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में प्रदेश में 52 जिलों के 47 हजार 22 गाँव में कार्य किया जा रहा है। मिशन में अब तक 4 लाख 3 हजार 172 स्व–सहायता समूह का गठन कर 45 लाख 5 हजार परिवार को जोड़ा गया है। इन्हें बैंकों से 4 हजार 408 करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया गया है। मिशन के माध्यम से इन परिवारों के 529 करोड़ 43 लाख रूपये के उत्पादों का विक्रय किया गया है। स्व–रोजगार कार्यक्रमों में 73 हजार ग्रामीण युवाओं को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित कर रोजगार मेलों से रोजगार दिलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ–विक्रेता योजना में 3 लाख 81 हजार ग्रामीण लाभान्वित हुए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के प्रथम चरण में हमारे गाँवों द्वारा निर्धारित अवधि के एक वर्ष पूर्व 2 अक्टूबर, 2018 को ही खुले में शौच मुक्ति (ओडीएफ) का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश में अब तक 3 लाख 41 हजार व्यक्तिगत शौचालय और 16 हजार 274 स्वच्छता परिसर बनाये गये हैं। साथ ही 15 हजार 164 ग्राम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और 15 हजार 919 गाँव में तरल अपशिष्ट प्रबंधन किया गया है। प्रदेश के 15 हजार 525 ग्राम को ओडीएफ प्लस बनाया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा 2 अक्टूबर, 2022 को हमारे प्रदेश को विभिन्न श्रेणियों में अग्रणी राज्य का पुरस्कार दिया गया है।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री चौहान के सबके लिये पक्का आवासश्श के संकल्प को पूरा करने के लिये तेज गति से कार्य हो रहा है। प्रतिमाह लगभग एक लाख प्रधानमंत्री आवास बनाये जा रहे हैं। योजना में अब तक प्रदेश में 38 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें 29 लाख आवास पूरे कर लिये गये हैं। इन पर 35 हजार करोड़ रूपये से अधिक की लागत आई है। इस वर्ष 6 माह में ही लगभग 4 लाख 51 हजार आवास पूर्ण किये गये और धनतेरस के पवित्र अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हमारे ग्रामीण हितग्राहियों को वर्चुअल माध्यम से गृह–प्रवेश कराया गया।

ग्रामीण अधो–संरचना विकास के कार्य भी प्रदेश में निरंतर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ग्राम–सड़क योजना में 8 हजार 942 गाँव को जोडने के लिये 20 हजार 89 किलोमीटर लम्बाई की 8 हजार 714 सड़क स्वीकृत की गई हैं, जिनमें अभी तक 19 हजार 135 किलोमीटर की 8 हजार 292 सड़क बनाई जा चुकी हैं। प्रदेश के 8 हजार 456 गाँव को बारहमासी एकल सम्पर्कता से जोड़ा जा चुका है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन में गत 3 वर्ष में प्रदेश में 9 हजार 127 किलोमीटर सड़क का निर्माण गुणवत्ता के साथ किया जाकर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।

0–लेखक पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री मध्यप्रदेश शासन है।

# छोटी–छोटी बातों पर दौडता दिमाग!

**कनाडा में श्रम व श्रमिक बहुत मंहगे हैं। घर का ज्यादातर काम लोगों को खुद ही करना पड़ता है। घर की सफाई से लेकर कपड़े धोने, खाना बनाना बरतन आदि खुद ही धोने पड़ते हैं। अच्छा पैसा कमाने वाले लोगों के यहां ड्राइवर तक नहीं होता है। हमारे भारत की तरह कामवालियां और सफाई करने वालों की भीड़ नहीं आती है। वहां दिन में सारे लाइटों की बत्तियां जलती रहती हैं। सारी रात पूरा शहर...**

विवेक सक्सेना

भारत में तो बाल्टी में पानी भरकर मग से नहाते थे पर कनाडा में न तो किसी के यहां बाल्टी देखी और न ही मग नजर आया। बैठने के लिए प्लास्टिक का पटरा तक नहीं देखा। वहां न्यूनतम तापमान करीब 7 डिग्री रहता है। पानी बहुत ठंडा होता था। नहाने के पहले शावर के पानी की टोटी गरम करनी पड़ती थी। मगर जैसे ही पानी शुरु करता शुरु में करीब आधा मिनट तक ठंडे पानी की बौछार आती फिर गरम पानी आना शुरु होता व ठंडे पानी की बौछार के कारण ठिठुर जाता।

वैसे तो कनाडा में मौसम से लेकर साफ सफाई सब गजब है परंतु घरों के वातानुकूलित होने व 24 घंटे तक गरम पानी उपलब्ध रहने के बाद भी सुबह नहाते समय अजीब सी हिकारत का सामना करना पड़ता था। भारत में तो बाल्टी में पानी भरकर मग से नहाते थे पर कनाडा में न तो किसी के यहां बाल्टी देखी और न ही मग नजर आया। बैठने के लिए प्लास्टिक का पटरा तक नहीं देखा। वहां न्यूनतम तापमान करीब 7 डिग्री रहता है। पानी बहुत ठंडा होता था। नहाने के पहले शावर के पानी की टोटी गरम करनी पड़ती थी। मगर जैसे ही पानी शुरु करता शुरु में करीब आधा मिनट तक ठंडे पानी की बौछार आती फिर गरम पानी आना शुरु होता व ठंडे पानी की बौछार के कारण ठिठुर जाता।

दूसरी अहम समस्या कपड़ों के सुखाने की थी। वहां कपड़ों की मशीन में धोने के बाद उन्हें वहीं निचोड़ कर बाहर निकाला जाता है उनका पानी तो निकल जाता है मगर हल्की नमी सी रहती है। वहां धूप बहुत कम निकलती है। हफ्ते में 5 दिन तो बादल छाए रहते है और बारिश होती रहती है। हालांकि मैंने कहीं भी बारिश के कारण सड़क पर न तो पानी भरते देखा और न ही खराब सड़के देखी। वहां बेटा जहां रहता है उसकी सोसायटी समेत हर सोसायटी में धुलाई के बाद कपड़ों को खुले में सुखाना मना है। इसे असभ्य माना जाता है बल्कि ऐसा करने पर प्रबंधक द्वारा जुर्माना भी कर देते हैं। बालकनी में न तो कपड़े सुखाने वाला स्टैंड रखा जा सकता है और न ही वहां डोरी बांध कर कपड़े सुखाए जा सकते हैं।

भारत में हम तेज धूप में सूखी तौलिया व कपड़े का उपयोग करने के आदी थे जबकि वहां धूप में कपड़े सुखाने की कल्पना तक नहीं कर सकते थे। वहां घर का कूड़ा इकत्रा करने के लिए हर भवन में नीचे पार्किंग की जगह पर कूड़ेदान रखे हुए हैं व पत्नी ही हर रोज उसमें कूड़ा डाल आती थी। मैंने कभी ऐसा नहीं किया क्योंकि लिफ्ट से लेकर वहां का दरवाजा तक कंप्यूटर से खुलता था व मुझे इस बात का डर था कि अगर मैं जरुरी नंबर भूल गया गया तो मुझे सारा दिन नीचे घर के बाहर ही खड़ा रहना पड़ जाएगा। वहां नियमित रूप से कूड़ा एकत्र किया जाता है व कागज डब्बो, गीले कूड़े के बाक्स अलग अलग होते हैं। वहां हर साल हर इलाके में एक दिन तय किया जाता है व अपने घर की अवांछित वस्तुएं घर के बाहर रख देते हैं। कुड़ा उठाने वाली गाड़ी उन्हें उठाकर ले जाती हैं।

मैंने पाया कि बाहर रखा गया कुछ सामान तो बहुत अच्छी हालत में था। इसमें पुराने फर्नीचर से लेकर लोहे का सामान तक शामिल था। वहां रद्दी और पुराना सामान कोई भी नहीं खरीदता है। बियर व दूध की बोतलों को उसके विक्रेता चंद सिक्को के बदले वापस ले लेते हैं। दूध आमतौर पर तीन लीटर की क्षमता वाले प्लास्टिक के जारों में बिकता है व कई स्वाद वाला होता है। उनमें काफी आदि शामिल होते हैं। घरों में पाएं जाने वाले पलंगों का आकार 6 गुणित 5 फुट का होता है। ज्यादातर फर्नीचर फोल्डिंग स्थिति में घर आता है व उन्हें कंप्यूटर पर देखकर घर में जोड़ा जा सकता है। बाजार में बिजली के हर सामान पर डेढ़ दो साल की गारंटी होती है व उसे आप कभी भी दुकानदार को वापस कर सकते है। वह उन्हें लेने से इंकार कर ही नहीं सकता।

वहां तकनीकी ज्ञान रखने वाले मैकेनिक व प्लंबर आदि लोग बहुत कम है व सामान की मरम्मत बहुत मंहगी की जाती है। अतरू लोग मरम्मत करवाने की जगह नया सामान खरीदना ज्यादा पसंद करते हैं। बिजली का प्लग कुछ अलग होता है। हमारे भारतीय प्लग की तुलना में उसकी तीन टांगे तो होती है पर हमारा गोल की बजाय वे चिपटी होती है। बिजली आन करने के लिए हमारे यहां स्विच की बटन नीचे को दबाना पड़ता है जबकि वह इसके विपरीत इसे उपर दबाना पड़ता है। वहां किसी के घर में सीलिंग फेन नहीं है। पिछले साल अचानक गर्मी बढ़ जाने के बाद बाजारों में स्टैंड वाले पंखे नजर आने लगे। घरों में अगर बत्ती व दिया जलाने पर रोक हैं क्योंकि इसके धुएं व गरमी के कारण आग का अलार्म बजने का खतरा पैदा हो जाता है।

आमतौर पर कुकर का उपयोग करने पर रोक हैं क्योंकि उसकी सीटी की आवाज से पड़ोसियों को दिक्कत होने लगती है व इसकी शिकायत कर सकते हैं। वहीं भारत में खाना बनाने वाला हर सामान वहां के बड़े बड़े स्टोरों पर मिल जाता है। इसमें गुड़, मूंगफली से लेकर मसाले तक होते हैं। वहां के स्थानीय लोग ज्यादा मसालेदार खाना कम खाते हैं इसलिए भारतीय खाना उन्हें अच्छे लगना लगा। लोग घरों पर अपने जानकारों व पड़ौसियों को कम आमंत्रित करते हैं। आमतौर पर लोग छुट्टी के दिन काम करना व ओवर टाइम पसंद नहीं करते हैं। रात का खाना शाम तक खा लेते हैं। इसी वजह से वहां के रेस्तरां जल्दी बंद हो जाते हैं।

आमतौर पर लोग काले रंग के कपड़े पहनना ज्यादा पसंद करते हैं। वहां हर शहर में वहां के इलाकों के हिसाब से कार की बीमा राशि तय होती है। जैसे कि वेंकूवर के जिस इलाके में ज्यादा भारतीय रहते हैं वहां ज्यादा बीमा देना पड़ता है क्योंकि इन इलाकों में चोरी की ज्यादा घटनाएं होती है। वहां आमतौर पर किसी के घर में अखबार नहीं आते हैं और न ही मैंने अखबार व पत्रिकाएं बेचने वाली कोई दुकान ही देखी। राष्ट्रीय अखबार वहां मंहगे हैं। आमतौर पर लोग खबरों के लिए टीवी पर निर्भर करते हैं। वहां मौसम का आकलन गजब का होता है। सूरज के उगने व डूबने से लेकर बारिश आने तक की भविष्यवाणी एक एक मिनट तक सही होती है। यहां 9 बजे तक अंधेरा नहीं होता व सूरज बहुत देर से डूबता है। बाजार में रात भर दुकानों व दफ्तरों में लाइट जलती रहती है। वहां जगमग देखने को मिलती है।

कनाडा में श्रम व श्रमिक बहुत मंहगे हैं। घर का ज्यादातर काम लोगों को खुद ही करना पड़ता है। घर की सफाई से लेकर कपड़े धोने, खाना बनाना बरतन आदि खुद ही धोने पड़ते हैं। अच्छा पैसा कमाने वाले लोगों के यहां ड्राइवर तक नहीं होता है। हमारे भारत की तरह कामवालियां और सफाई करने वालों की भीड़ नहीं आती है। वहां दिन में सारे लाइटों की बत्तियां जलती रहती हैं। सारी रात पूरा शहर जगमगाता रहता है। नववर्ष पर सारी दुकानों व बाजारों को विशेष तौर पर बिजली की झालरों से सजाया जाता है।



## दस जनसूचना अधिकारियों के वेतन से जुर्माने की राशि वसूलने का आदेश

बनकटा/रामपुर बुजुर्ग। जनपद के जनसूचना अधिकारी, लोगों को सूचना में देने में आनाकानी कर रहे है। जिसके कारण राज्य सूचना आयोग को कार्रवाई करनी पड़ रही है। एक आरटीआई कार्यकर्ता की शिकायत पर ऐसे ही लापरवाह दस अधिकारियों पर 25–25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। राशि उनके वेतन से वसूल करने का निर्देश दिया गया है। अहिरौली बघेल निवासी एवं आरटीआई कार्यकर्ता आनंद सिंह ने सूचना न देने पर राज्य सूचना आयोग से शिकायत की थी। जिसके आधार पर संबंधित के खिलाफ करीब तीन लाख पचीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सभी से तीन किश्तों में वसूल करने का निर्देश दिया है। इन पर लगा जुर्मानाः खंड विकास अधिकारी बनकटा, बीएसए, तहसीलदार सदर, प्रधानाध्यापक बीर बहादुर सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक, अहिरौली बघेल के ग्राम विकास अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी बीएसए कार्यालय, सीएमओ, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय, जिला युवा कल्याण अधिकारी देवरिया।

## अपूर्ण व्यवस्था पर जताई नाराजगी, जिला प्रबंधक से मांगा स्पष्टीकरण

महराजगंज। जिला खाद्य विपणन अधिकारी विवेक कुमार सिंह ने धान खरीद कार्यक्रम के पहले दिन जिले के विभिन्न क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में केंद्रों पर मिली अपूर्ण व्यवस्था पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा जिला प्रबंधक पीसीएफ से स्पष्टीकरण मांगते हुए व्यवस्था को बेहतर कराने का निर्देश दिया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने पीसीएफ के धान क्रय केंद्र साधन सहकारी समिति अहिरौली के निरीक्षण में पाया कि केंद्र पर मानक के तहत सभी व्यवस्था पूर्ण नहीं है। विवरण दर्ज करने के लिए निर्देश के मुताबिक अभिलेख भी उपलब्ध नहीं है तथा परिसर में काफी गंदगी है। वहीं, बेलवा बुजुर्ग समिति के निरीक्षण में भी तैयारी ठीक नहीं मिली। उन्होंने खाद्य विभाग के केंद्र परतावल मंडी परिषद का निरीक्षण किया। कांटे समेत अन्य तैयारियों को सक्रिय पाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रों के संचालन के लिए जो मानक निर्धारित किए गए हैं, उनका पालन सुनिश्चित करते हुए खरीद का कार्य किया जाए। इसमें शिथिलता या लापरवाही पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी। इस दौरान क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

## आग बुझाने में तीन लोग झुलसे

घुघली। क्षेत्र के धनगढ़ी मुंडेरी गांव में शाम को रामदरस के घर भोजन बनाने के दौरान सिलिंडर में लगे रेगुलेटर के पास रिसाव होने के कारण आग लग गई। उसे बुझाते समय रामदरस (65), सूरज वर्मा (30) एवं मनोज (40) झुलस गए। इन सभी को कप्तानगंज में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष नीरज राय ने बताया कि झुलसे हुए तीन लोगों को अस्पताल भेजा गया है।

## दस लाख लूटने के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

सोनौली (महराजगंज)। नेपाल की रूपनदेही पुलिस ने लुंबिनी सांस्कृतिक नगर पालिका– 6 महिलावाड़ स्थित लुंबिनी रेमिट एंड कम्युनिकेशन के कर्मचारियों से कुछ दिन पहले 10 लाख 90 हजार की लूट करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में गोरखपुर जिले के चिलुआताल थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी सुनील कुमार साहनी और सहजनवां निवासी शशिकांत भट्ट हैं। पुलिस के अनुसार इनके पास से सेमी–ऑटोमैटिक पिस्टल, एक मैगजीन, 5 गोलियां, एक पिस्टल, भारतीय नंबर की एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। रूपनदेही पुलिस प्रवक्ता डीएसपी श्यामु आर्यल ने बताया कि आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 25 को, आवेदनों का होगा सत्यापन

महराजगंज। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के पहले चरण का आयोजन 25 नवंबर को होगा। आयोजन के लिए पात्रता का निर्धारण करते हुए अब खंड विकास अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र का तथा अधिशासी अधिकारियों को नगरीय क्षेत्र के आवेदन आठ नवंबर तक समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने होंगे, जिसका सत्यापन विभागीय कर्मियों से 15 नवंबर तक करा लिया जाएगा। अंतिम रुप से पात्र मिले लोगों को ही विवाह योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अधिक से अधिक इच्छुक लोगों को लाभ दिलाने के लिए विवाह कार्यक्रम के लिए पांच चरण निर्धारित किए गए हैं। पहले चरण में 25 नवंबर को, दूसरे चरण में 14 दिसंबर को, तीसरे चरण में 28 जनवरी को, चौथे चरण में 22 फरवरी को तथा पांचवें चरण मे 13 मार्च को शादी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। पहले चरण में खंड विकास अधिकारियों की ओर से भेजे गए ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन तथा अधिशासी अधिकारियों की ओर से आठ नवंबर तक भेजे गए आवेदन का सत्यापन ग्राम विकास अधिकारी अथवा सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण से कराया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी शंकर लाल ने कहा कि खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह संबंधी आवेदन समय से भेजें, जिससे कि पात्रता के आधार पर आवेदकों का सत्यापन कराया जा सके।

## दर्जनों मुस्लिम परिवार के लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

प्रयागराज,। भारतीय जनता पार्टी, मीरापुर मंडल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर मुस्लिम समुदाय एक दर्जन परिवार के सदस्यों ने भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने के उपरान्त सभी ने पार्टी में अपनी विश्वसनीयता जताई। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से अख्तर सिद्दीकी, साहब अखलाक, अहमद मोहम्मद, सरफराज आलम, जिलामुद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद गयासुर, मोहम्मद इमरान सिद्दीकी, मोहम्मद, अनवर सिद्दीकी, रेहान सिद्दीकी, सलीम फारुकी, अफसर अहमद, मुन्ना शकील, सलमानी आदि ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह, पार्षद ऋषि निषाद, ज्ञान कुशवाहा, राजेश केसरवानी, गया प्रसाद निषाद, अरुण निषाद आदि ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी।

# भीड़ के आगे कम पड़ गईं बसें, यात्री रहे परेशान

देवरिया। छठ सहित अन्य त्योहार मनाकर लौटने वाले यात्री फिर बसों की किल्लत झेल रहे हैं। यात्रियों की संख्या के आगे बसें कम पड़ गईं। सूचना कक्ष को बंद किए जाने से भी बसों के बारे में कोई जिम्मेदार कुछ बताने को तैयार नहीं था। ऐसे में यात्रियों के सामने सिवाय इंतजार करने के कोई चारा नहीं था। बस स्टेशन पर यात्रियों की संख्या के आगे इंतजाम नाकाफी साबित हुए। गंतव्य तक जाने के लिए लोगों को वाहनों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। रोडवेज परिसर में पूरे दिन यात्री, बसों के लिए परेशान दिखे। एक बस आते ही सभी उधर ही दौड़ पड़ते।

सीट लेने की जद्दोजहद में कई खिड़कियों के रास्ते ही प्रवेश करते दिखे। सबसे ज्यादा परेशानी लोकल रुटों पर रही। इसमें बरहज, कपरवार, दोहरीघाट, बलिया, पकहां, कसया, पडरौना, बघौचघाट, तरकुलवा आदि रुटों पर अचानक बसों का अभाव हो गया। देवरिया डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी ने बताया कि यात्रियों की संख्या बढ़ने से सबको समय से भेज पाना संभव नहीं था। कई बसों के फेरे बढ़वाए गए हैं। जैसे–जैसे बसें आती गईं और जहां के यात्री मिले, वहां के लिए रवाना किया गया। अन्य रुटों की बसों को भी यात्रियों की सुविधा के लिहाज से उन्हीं मार्गों पर चलाया गया, जहां उन्हें जाना था।

**ट्रेनों में उमड़ी भीड़, काउंटर पर लंबी लाइनः देवरिया।** छठ पर्व मनाने के बाद लोग अपने–अपने काम पर जा रहे हैं। इसके कारण ट्रेनों में भीड़ उमड़ रही है। काउंटर पर टिकट के लिए लंबी लाइन लोगों लगानी पड़ रही है। सदर रेलवे स्टेशन की हालत यह थी कि ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों को आपस में धक्का– मुक्की करनी पड़ रही थी। टिकट काउंटर पर अधिकतर यात्रियों को वेटिंग लेकर ही संतोष करना पड़ रहा था। शहर के साकेत नगर निवासी संदीप ने बताया कि फरीदाबाद जाने के लिए दिल्ली का टिकट लेना था, लेकिन वेटिंग मिल रहा है। इसके कारण अब बाद में जाएंगे। भटनी निवासी धीरज राय ने बताया कि टिकट वेटिंग कंफर्म न होने के कारण बस से जा रहा हूं। ट्रेन में वेटिंग टिकट पर यात्रा करना मुश्किल है। नाथनगर निवासी कुलदीप ने बताया कि टिकट लेने के लिए आया था, लेकिन वेटिंग मिला तो वापस जा रहा हूं।

# विद्यालयों के कार्यों का होगा मूल्यांकन, परिषद को भेजा जाएगा नाम

महराजगंज। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की समिति की ओर से परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियों व क्रियाकलापों का आकलन किया जाएगा। सात बिंदुओं पर किए गए अच्छे कार्यों के बारे में प्रधानाध्यापक प्रमाण के साथ संस्थान को आठ नवंबर तक अवगत कराएंगे। संस्थान की ओर से उनमें से सर्वश्रेष्ठ पांच विद्यालयों का नाम चयनित करते हुए 20 नवंबर तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को अवगत कराएंगे।

परिषद(एससीईआरटी) की ओर से मेरा विद्यालय, मेरी पहचान कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अच्छा कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों या प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्धारित सात बिंदुओं पर किए गए उल्लेखनीय कार्यों के विवरण को अधिकतम 500 शब्दों में लिखकर फोटोग्राफ के साथ डायट को उपलब्ध कराना होगा। डायट की तीन सदस्यीय समिति की ओर से उपलब्ध कराए गए विवरण व फोटोग्राफ के मुताबिक दो परिषदीय प्राथमिक व दो पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा एक कंपोजिट विद्यालय का स्थलीय सत्यापन करते हुए चयन किया जाएगा। समिति की ओर से 20 नवंबर तक उसके बारे में फोटोग्राफ व विवरण एससीईआरटी को उपलब्ध कराया जाएगा। समिति की ओर से चयनित प्रधानाध्यापक पुरस्कार के हकदार होंगे। इस बारे में उप शिक्षा निदेशक डायट अभिजीत सिंह ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक माहौल विकसित करने वाले प्रधानाध्यापक अपना विवरण आठ नवंबर तक प्रस्तुत करें, जिससे कि सत्यापन कर उत्कृष्टता के आधार पर उनका नाम परिषद को भेजा जा सके।

समिति में यह होंगे शामिल

समिति में डायट के उप शिक्षा निदेशक के अतिरिक्त दो प्रवक्ताओं को शामिल किया जाएगा। जो निर्धारित बिंदु के आधार पर उनकी उत्कृष्टता का पता लगाएंगे।

इन सात बिंदुओं पर परखी जाएगी स्थितिः विद्यालय की छात्र संख्या

विद्यालय में छात्रों की औसत उपस्थिति

प्राथमिक विद्यालयों में निपुण लक्ष्य के सापेक्ष छात्रों की सम्प्राप्ति

विद्यालय के प्रत्येक बच्चे को उसकी रुचि के मुताबिक क्रियाओं में प्रतिभागिता

विद्यालय परिसर में सफाई, पर्यावरण संरक्षण व शौचालय की क्रियाशीलता

विद्यालय में पुस्तकालय की व्यवस्था व क्रियाशीलता

समुदाय के सहयोग से विद्यालय में आधारभूत सुविधा

# सीएससी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत



चल रही सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन विकाश भवन सभागार गोरखपुर में किया गया जिसमे सीएससी राज्य कार्यालय से दिव्यदर्शन उपाध्याय विकाश कुमार, व अश्वनी शुक्ला और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने संचालको को सर्विसेज के बारे में कैसे कार्य करना के बारे में जानकारी दी। इस बैठक में 5 से अधिक संस्थाओं के पर्तिनिधि के साथ 130 से अधिक केंद्र संचालको ने प्रतिभाग किया। केंद्र संचालको की कार्यशाला मे सभी लोगो को जिला प्रबंधक अंशुल प्रताप यादव ,अवनीश कुमार सिंह व विनीत कुमार श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। उसके बाद सीएससी से संबंधित लगभग सभी प्रकार के कार्यो के संदर्भ में केंद्र संचालकों को सीएससी राज्य कार्यालय से उपस्थित दिव्यदर्शन उपाध्याय ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया, जिसके अंतर्गत आयुष्मान भारत, बिजली बिल, स्वास्थ्य बीमा, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस बैंकिंग सेवा आधार सेवा डॉक मित्र, डीजीपे, आईआरसीटीसी, लेबर रजिस्ट्रेशन, गैस बुकिंग, एनपीएस आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया तथा इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी से मिलने वाले कमीशन पर भी के संबंध में भी जानकारी दी गई तथा इन सेवाओं से संबंधित समस्याओं का भी समाधान किया गया। इस मौके पर जनपद के 130 से अधिक संचालको ने परिभाग किया। प्रबंधक अंशुल प्रताप यादव और अवनीश कुमार सिंह ने आये सभी संचालको से अपील किया कि सभी संचालक अपने पंचायत के शेष सभी आयुष्मान भारत के लाभार्थियों का आयुष्मान भारत में पंजीकरण में सहयोग करे और अधिक से अधिक लोगो को इस योजना का लाभ दे।

# गम्भीर डेंगू से बचने के लिए क्षारीय भोजन करें : सतीश राय

प्रयागराज, डेंगू वैसे तो अपने आप ठीक हो जाती है, लेकिन बहुत थोड़े लोगों में गम्भीर रूप लेता है। हमारे शरीर में ज्यादातर बीमारियों का कारण अम्लता होती है। भोजन जितना अधिक अम्लीय होगा उतने ही ज्यादा रोग होंगे और जितना ज्यादा क्षारीय होगा उतने ही हम स्वस्थ रहेंगे। मनुष्य का रक्त क्षारीय होता है। डेंगू बुखार में अम्ल के बढ़ने से नुकसान होता है। यह बातें एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान, मधुबन विहार स्थित प्रयागराज रेकी सेंटर पर प्रख्यात स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने कही। उन्होंने सेंटर पर आए लोगों से कहा कि डेंगू का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। इसका सबसे सरल इलाज मच्छरों से बचाव है। शरीर को अन्य बीमारियों से बचाने और स्वस्थ रखने के लिए व्यक्ति के भोजन में अम्ल और क्षार पदार्थों का संतुलन होना आवश्यक है। उन्होंने कहा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए ब्लड प्रेशर पानी और मिनरल्स का संतुलन जरूरी है। शरीर में अम्ल की अधिकता से एसिड का स्तर बढ़ता है, शरीर में ब्लॉकेज उत्पन्न करता है। जो हार्ट एवं लकवा का कारण बनता है। यदि हम शरीर में बढ़े एसिड को नियंत्रित कर लें तो बड़ी एवं गम्भीर बीमारियों से बच सकते हैं। संक्रमण और बीमारियों से बचने व सही उर्जा के लिए अपने भोजन में क्षारीय पदार्थ नींबू, चूना, टमाटर, प्याज, मूली, खीरा, गाजर, अंजीर, संतरा, सेब, नाशपाती, अमरूद आदि हरी पत्तेदार सब्जियां को शामिल करें। नींबू वैसे तो अम्लीय है लेकिन शरीर में जाने पर क्षार जैसा कार्य करता है। वैसे खट्टे फल अम्लीय हैं लेकिन कई फल की प्रवृत्ति शरीर के अंदर बदल जाती है और क्षार का काम करती है। सतीश राय ने कहा भारत ऋतुओं का देश है शरीर को किस ऋतु में कौन से पोषक तत्वों की आवश्यकता है उसी के अनुरूप यहां फल व सब्जियां मिलती हैं। यहां मौसम के अनुसार पर्यावरण का सामना करने के लिए प्रकृति ने हमें खाने की चीजें उपलब्ध कराई है। ब्लूबेरी, ड्रैगन फ्रूट, कीवी जैसे विदेशी फलों में विटामिंस –मिनरल्स और पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होता है। लेकिन यहां के मौसम पर्यावरण का सामना करने के लिए स्थानीय फल ज्यादा अनुकूल है। इन्हें अधिक महत्व देना चाहिए इनसे हमें ज्यादा इम्यूनिटी मिलती है। स्थानीय फलों और सब्जियों को ज्यादा मात्रा में खाएं जो क्षारीय होते हैं।

# एंटी लार्वा, कीटनाशक छिड़काव को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर में एंटी लार्वा, कीटनाशकों का छिड़काव कराने के लिए नगर निगम में प्रदर्शन किया। संदीप यादव के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता पत्थर गिरजाघर से नारेबाजी करते हुए नगर निगम परिसर में पहुंचे। सपाइयों ने नगर आयुक्त कार्यालय के सामने नारेबाजी की। प्रदर्शन स्थल पर संदीप यादव ने कहा कि शहर में डेंगू ने कई लोगों की जान ले ली है। हजारों लोग बीमार हैं। इसके बाद भी नगर निगम एंटी लार्वा और कीटनाशक का छिड़काव नहीं करा रहा है। लोग कोरोना के संकट से उबर नहीं पाए और नगर निगम ने गृहकर बढ़ा दिया। संकट से जूझते पशुपालकों पर जुर्माना बढ़ा दिया। सपाइयों ने एंटी लार्वा छिड़काव कराने, बढ़ा गृहकर और पशुओं पर बढ़ा जुर्माना वापस लेने से संबंधित ज्ञापन अपर नगर आयुक्त अरविंद राय को सौंपा।

# गोरखपुर के राजन जायसवाल के नेतृत्व में टीम ने जीता यूनेस्को का ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता हैकाथॉन अवार्ड

## बांसगांव थाना क्षेत्र के माल्हनपार निवासी है राजन जायसवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (न्छम्ैब्व्) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। यह शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने का प्रयास करती है। यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (न्दपजमक छंजपवदे ेनेजंपदंइसम क्मअमसवचउमदज ळतवनच – न्छैक्ळ) का सदस्य है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों एवं संगठनों के इस समूह का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों को पूरा करना है। विगत ग्यारह वर्षों की भांति इस वर्ष भी यूनेस्को द्वारा आयोजित 'ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता सप्ताह 2022' के अंतर्गत ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता हैकाथॉन के विजेता टीम की सूची जारी की गई, जिसमें भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व छात्रों की टीम 'व्हाइट–बोर्ड' ने प्रथम स्थान हासिल किया है। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र की विदेश एजेंसी द्वारा हर साल अक्टूबर माह के आखिरी सप्ताह में 'ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता सप्ताह' मनाया जाता है जिसके अंतर्गत दुनिया भर के अलग–अलग देशों में अनेक आयोजन किए जाते हैं। इस तरह के आयोजनो का मकसद लोगों को फेक–न्यूज और मिस–इंफॉर्मेशन (भ्रामक खबरें एवं जानकारियाँ) जैसी समस्याओं के बारे में बताने और इस तरह के गलत–तथ्यात्मक खबरों तथा सूचनाओं को फैलने से रोकने के लिए जागरूक करना होता है। यूनेस्को के द्वारा पहला 'ग्लोबल मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह' 2011 में मोरक्को में आयोजित किया गया था। संयुक्त राष्ट्र के इस पहल की मुख्य अवधारणा प्रत्येक व्यक्ति को सूचना और खबर की तथ्यात्मकता एवं सत्यता को परखने के योग्य बनाना है ताकि प्रत्येक नागरिक गलत एवं भ्रामक सूचनाओं को फैलने से रोक सके और आम आदमी तक सही सूचना पहुंच सके। यूनेस्को द्वारा इस वर्ष 12वें 'ग्लोबल मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह' का आयोजक देश नाइजीरिया को बनाया गया तथा 24 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन मीडिया एवं सूचना क्षेत्र से जुड़े अनेक विषयों



पर अलग–अलग देशों में अनेक संस्थाओं के साथ मिलकर गोष्ठियां आयोजित की गई। इसके अलावा फेक–न्यूज तथा मिस–इनफार्मेशन को रोकने के लिए नए विचारों तथा तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए यूनेस्को द्वारा हर साल 'ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता सप्ताह' के दौरान 'ग्लोबल हैकथॉन' का भी आयोजन किया जाता है जिसमें पूरी दुनिया से अलग–अलग टीमें अपने नवाचार और नई तकनीक को प्रस्तुत करती हैं। हर वर्ष की भांति इस बार भी इस ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता हैकाथॉन' का आयोजन किया गया, इसमें 40 से ज्यादा देशों की 60 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें 'सूचना एवं मीडिया साक्षरता' को बढ़ावा हेतु देने हेतु इन्नोवेटिव आइडिया प्रस्तुत करने के लिए भारत की 'व्हाइट–बोर्ड' टीम को प्रथम विजेता के रूप में चुना गया है। विगत 12 वर्षों से इस हैकाथॉन का आयोजन होने के बाद इस वर्ष भारत को पहली बार बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 'व्हाइट–बोर्ड' इस हैकाथॉन को जीतने वाली पहली भारतीय टीम है। प्रोजेक्ट व्हाइट–बोर्ड भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व छात्रों द्वारा संचालित एक मीडिया साक्षरता कार्यक्रम है जिसके तहत ग्रामीण भारत के अल्प–शिक्षित लोगों एवं युवाओं के बीच फेक–न्यूज, मिस–इंफॉर्मेशन आदि को रोकने के लिए जागरूकता फैलाने का काम इस टीम के द्वारा किया जाता है। इस टीम में जुड़े हुए मुख्य सदस्य राजन जायसवाल, अनिकेत जाधव, विजयशील नायकर, अंकिता सोनी, तान्या कथूरिया और किंजल परमार है और यह सभी प्रतिभागी वर्तमान में अलग–अलग मीडिया संस्थानों में कार्यरत है। टीम का नेतृत्व बांसगांव थाना क्षेत्र के कस्बा माल्हनपार गोरखपुर निवासी राजन जायसवाल पुत्र स्वर्गीय अशोक जायसवाल ने किया और वे इस जागरूकता कार्यक्रम को पिछले एक साल से गोरखपुर के ग्रामीण अंचल में संचालित कर लोगों को मीडिया, फेक न्यूज और मिसइंफॉर्मेशन के बारे में जागरूक कर रहे हैं।राजन की प्रारम्भिक शिक्षा माल्हनपार एवं इंटरमीडिएट भटवली इंटर कालेज से किया है। राजन की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# हत्या, बलात्कार और अपहरण के दो आरोपियों को मृत्यु दंड

## न्यायाधीश ने लगाया पचास–पचास हजार का जुर्माना

दैनिक बुद्ध का संदेश

प्रतापगढ़। अपर जनपद न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश पाक्सोअधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बलात्कार अपहरण एवं अपराधिक मानव वध के आरोप में हलीम उर्फ खड़बड़ एवं रिजवान निवासी गण ग्राम–परसई, थाना–नवाबगंज, जनपद–प्रतापगढ़ को विरलतम अपराध का दोषी पाते हुए मृत्युदंड व पचास–पचास हजार रूपया अर्थदंड से दोनो को दंडित किया। अर्थदंड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सा एवं मानसिक आघात की पूर्ति एवं उसके पुनर्वास हेतु नियमानुसार प्रदान किया जाएगा। घटना दिनांक 27–12–2021 की शाम 6.00 बजे की है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना नवाबगंज पर दिनांक 30–12–2021 को पीड़िता के भाई द्वारा अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराई गई थी। जिसकी विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष रुकुम पाल सिंह एवं उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह द्वारा संपादित की गई। घटना के दिन मामले की पीड़िता जो थाना नवाबगंज की है शाम को गांव की दुकान पर बेसन लेने जा रही थी तभी मामले के अभियुक्तगण बाल अपचारी, रिजवान, और हलीम उर्फ खड़बड़ उसे पकड़ लिए और रेलवे ट्रैक के पास ले जाकर उसके साथ जबरन बलात्कार किए और उसके विरोध करने पर बहुत ही क्रूर तरीके से उसके सिर में मारा। उसके चेहरे की हड्डी तोड़ दी और आंख में चाकू मार दिए। जिससे वह अंधी हो गयी और पैर तोड़ दिए और बेहोशी हालत में वही छोड़ दिए जिसे वहीं से बेहोशी हालत में लोगों की मदद से सी.यच.सी. कालॉकांकर लाया गया। जहां उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे यस.आर. एन. मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रिफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चला जब पीड़िता 5 दिन बाद होश में आयी तब उसने बताया कि उसके साथ उपरोक्त अभियुक्तगण बाल अपचारी, रिजवान और हलीम उर्फ खड़बड़ ने यह क्रूरतम अपराधकारित किया। तभी इन अभियुक्तगणों का नाम प्रकाश में आया और इनके विरुद्ध विवेचना प्रचलित हुई तथा मामले में विवेचनोपरांत तीनों अभियुक्तगणों के विरुद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। जिसमें से एक अभियुक्त एक को माननीय न्यायालय द्वारा बाल अपचारी घोषित कर उसकी पत्रावली पृथक कर बाल न्यायालय भेज दी गयी तथा अन्य दोनों अभियुक्तगण हलीम उर्फ खड़बड़ एंव रिजवान के विरुद्ध माननीय न्यायालय ने दिनांक 07–05 –22 को आरोप विरचित किया तथा दौरान विचारण अभियोजन द्वारा कुल 11 गवाहों को पेश किया गया और उन्हें परीक्षित किया गया तथा दिनांक 15–10–22 को मामले में अंतिम बहस हुई। जिसके पश्चात विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय द्वारा 6 माह के अंदर विचारण समाप्त कर दिनांक 21–10–22 को निर्णीत कर अभियुक्तगण हलीम उर्फ गड़बड़ एवं रिजवान को मामले में दोष सिद्ध किया गया तथा आज दिनांक 02–11–2022 को सजा हेतु तिथि नियत की गई थी। जिसे माननीय न्यायालय द्वारा विरलतम अपराध घोषित करते हुए दोनों अभियुक्तगणों हलीम उर्फ खड़बड़ एवं रिजवान को मृत्युदंड से दंडित किया है एवं पचास–पचास हजार रूपया का दोनों को अर्थदंड आरोपित किया। यह क्रूरतम अपराध उस समय जनसामान्य के बीच में चर्चा का विषय रहा क्योंकि इससे दो समुदायों के बीच में काफी तनाव पैदा हो गया था।

मामले में राज्य की ओर से प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेश त्रिपाठी व निर्भय सिंह द्वारा की गई। जिनके द्वारा प्रतिक्रिया देते हुए कहा गया कि न्यायालय द्वारा दिया गया कठोर एवं गंभीर निर्णय समाज में महिलाओं एंव बच्चियों के विरुद्ध हो रहे अपराधा को रोकने में मील का पत्थर साबित होगा।

# उप निदेशक ने किया ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। उपनिदेशक पंचायत राज विभाग विंध्याचल



मंडल राम जियावन द्वारा बुधवार को जनपद सोनभद्र के विकास खंड कर्मा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत में शुमार ग्राम पंचायत मधुपुर के मिनी सचिवालयध्ग्राम पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायत के समस्त अभिलेख ग्राम पंचायत भवन पर रखे जाएं जिससे आवश्यकता पड़ने पर कागजात एक जगह ही उपलब्ध हो सके। इस मौके पर अपर जिला पंचायत अधिकारी राजेश कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी कर्मा बृजेश सिंह,ग्राम विकास अधिकारी दीपक कुमार, ग्राम प्रधान निशा सिंह, प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह सहित कई दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिले ग्राम प्रधान, सौपा ज्ञापन

- प्रधान संगठन के ब्लश्क अध्यक्ष जफर आलम की अध्यक्षता में बुलाई गई ग्राम प्रधानों की मासिक
- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन शोहरतगढ़ के बैनर तले संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम की अध्यक्षता में सभी ग्राम प्रधानों की विभिन्न समस्याओं को



लेकर मासिक बैठक बुलाई गई। बतौर मुख्य अतिथि संगठन जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा की अगुवाई में सभी प्रधानों ने मत्स्य पालन हेतु जमा धनराशि को तत्काल ग्राम निधि में भेजने के लिए शोहरतगढ़ एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान शोहरतगढ़ एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने एक सप्ताह के अंदर धनराशि भेजने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों ने कोटेदार द्वारा ग्राम प्रधान से विना सत्यापन राशन का उठान न कराया जाए उसके लिए सप्लाई इंस्पेक्टर को ज्ञापन सौंपा और सभी प्रधान साथियों से एक अपील और की गई कि अपने अपने ग्राम पंचायत में किसानों को जागरूक करे ताकि कोई फसल अवशेष न जलाएं। इस दौरान अब्दुल अजीज, विक्रम यादव, सुनील सिंह, शिवलाल, आसिम नैयर, पिंटू पटेल, अजय, सुनील, अनिल पांडेय, रामू सहानी, राम मिलन, शिवांकर, सुबास यादव, गंगा राम आदि मौजूद रहे।

# जल्द दूरदर्शन पर दिखेगी दुद्धी के सेनानियो की गौरवगाथा

- इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी के नेतृत्व में दूरदर्शन की टीम ने किया शूटिंग
- दूरदर्शन की टीम ने सेनानी परिजनों का लिया साक्षात्कार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आदिवासी बहुल क्षेत्र आजादी के 75 वर्ष बाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए अमृत महोत्सव के अंतर्गत वाराणसी दूरदर्शन केंद्र के निदेशक राजेश गौतम के निर्देशन पर दूरदर्शन केंद्र के कार्यक्रम अधिशासी सौरभ शुक्ला, इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी के नेतृत्व व डॉक्टर लवकुश प्रजापति, डॉ संजय श्रीवास्तव के सहयोग से दुद्धी क्षेत्र में सोमवार को फिल्म की शूटिंग हुई। इस दौरान स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े हुए स्थलों, सेनानी परिजनों का साक्षात्कार की शूटिंग देर रात तक चलती रही। इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी ने बतायाहैकि–ष्दुद्धी क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य, खनिज, वनोपज से भरपूर क्षेत्र रहा है। पराधीनता के काल में ब्रिटिश सरकार द्वारा इसका अधिक से अधिक दोहन करने के लिए इस क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त किया गया और यहां के स्थानीय निवासियों का शोषण भी किया, जिसके खिलाफ दुद्धी क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आंदोलन छेड़ दिया परिणाम स्वरूप 1921 से लेकर 1947 तक महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए आंदोलन में दुद्धी की राजेश्वरी देवी, रामानंद पांडे, रामेश्वर खरवार, जोधन तेली, शिवानंद तेली, सैयद सखावत हुसैन, महावीर प्रसाद गुप्ता, सुखलाल खरवार, किस्मत राम, यीशु मसीह, शर्नीचर राम खरवार, देव मुनि, पूरनमासी, भगवती, इंद्रजीत मिस्र आदि नाम– अनाम सेनानियों ने अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र क्रांति किया जिसके परिणाम 15 अगस्त 1947 मे को हमें आजादी मिली। दूरदर्शन की टीम द्वारा यीशु मसीह, सुखन अली, सैयद सखावत हुसैन, पूरनमासी आदि सेनानियों के परिजनों का इंटरव्यू, सेनानियों की कर्मस्थली, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े स्थान आदि को शूट किया गया। इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग रहा और फिल्म के निर्माण से स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है उन्हें आशा और विश्वास है कि ऐतिहासिक फिल्म को दूरदर्शन के रुपहले पर्दे पर देखकर देश के लोग दुद्धी क्षेत्र के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, आंदोलनो से परिचित होंगे।



# एमए,एमएससी,एमकॉम प्रथम वर्ष की मेरिट लिस्ट जारी

## काउंसिलिंग 5 नवम्बर से

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में एमए, एमएससी, एमकॉम प्रथम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2022–23 में प्रवेश हेतु आवेदन किये हुए अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट 1 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि एमए प्रथम वर्ष विषय समाजशास्त्र व राजनीतिविज्ञान, एमकॉम प्रथम वर्ष,एमएससी प्रथम वर्ष विषय प्राणिविज्ञान के प्रथम मेरिट लिस्ट के समस्त अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दिनांक 5 नवम्बर 2022 को प्रातः 10.30 बजे से अपराहन 3 बजे तक एवं एमए प्रथम वर्ष विषय हिन्दी, अर्थशास्त्र, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास, एमएससी प्रथम वर्ष विषय रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के मेरिट लिस्ट के समस्त अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दिनांक 7 नवम्बर 2022 प्रातः 10.30 से अपराहन 3 बजे तक महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। प्रवेश काउंसिलिंग हेतु सभी अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेशआवेदनपत्र, टीसी, सीसी, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक तीनों वर्ष का अंक पत्र, प्रमाणपत्र, आरक्षित वर्ग से है तो नवीनतम जाति प्रमाण पत्र, सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी इडब्लूएस का प्रमाण पत्र, एक या दो वर्ष का अंतराल होने पर नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र सहित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति लाना अनिवार्य है।

**बुद्ध का संदेश**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# नेकी कर दरिया में डाल–गुलजार बानो

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। मेरा यह मानना है कि नेकी करते रहना चाहिए फल की उम्मीद नहीं रखनी चाहिए क्योंकि फल देने वाला तो कहीं और बैठा है वह अपने हिसाब से देगा यह उस बूढ़ी औरत



की कहानी है जिसके दो बेटियां हैं मुंबई ओशिवारा अंधेरी की रहने वाली है। बेटियों ने बहला–फुसलाकर जबरदस्ती इनसे प्रॉपर्टी लिखवा ली है! और इन्हें घर से निकाल दिया यह आत्महत्या करने जा रही थी इन्हें कोई भगवान का नेक बंदा मिला और उसने इन्हें राय दी कि जान देने से कोई फायदा नहीं है। आप वृद्धा आश्रम में रहिए इनके एक मिलने वाले राकेश मिश्रा लखनऊ में रहते हैं। जो कि मुझे जानते थे मैं वृद्धाआश्रम जाया करती हूं वह व्यक्ति भी वृद्धाश्रम में रहते थे उनकी पत्नी का स्वर्गवास हो गया तो उनकी बेटी घर लेकर चली गई उन्हें उन्होंने इनके बारे में मुझे बताया इनका नाम रामा अरोड़ा है। बताया कि वह पहली बार बाराबंकी आ रही है आपके सिवाय मैं किसी को नहीं जानता मैंने कहा ठीक है जब वह आएं तो मुझे कॉल करें। रात 2 बजकर 45 मिनट पर रामा अरोड़ा स्टेशन पर पहुंचते ही मुझे कॉल किया मैं फौरन स्टेशन पहुंची और उन्हें सहानुभूति दी व समझाया बुझाया व उन्होंने मुझे बहुत आशीर्वाद दिया और उन्होंने कहा बेटा मैं तो जान देना चाहती थी। लेकिन भला हो उस इंसान का जिसने मुझे टिकट करा कर बाराबंकी भेज दिया और मुझे आप जैसी बेटी मिल गई अब मैं चौन से मर जाऊंगी फिर मैंने कहा नहीं आंटी मरने की बात मत कीजिए जिंदगी जीने का नाम है। और मैंने उन्हें बहुत ढांढस बंधाया वह मुझे देखकर खुशी से रोने लगी और मैं आज सुबह उन्हें चार बजे भुहेरा सफेदाबाद वृद्धाआश्रम में सुरक्षित पहुंचा कर आई हूं। आज मैं बहुत खुश हूं कि ईश्वर ने मुझे यह नेक काम करने का अवसर प्रदान किया है।

# गौ हत्या में वांछित पांच अभियुक्त हुए गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली/बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सफदरगंज पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए गौहत्या में वांछित 5 अभियुक्तों को



हिरासत में लेते हुए उनके कब्जे लकड़ी का टीका सहित छुरी व चाकू बरामद किया है। बताते चले बीते कुछ दिन पूर्व गौवंशीय तस्करों ने कस्बा रामपुर व ग्राम तुरकानी में गौवंशीय पशु का वधा कर मांस उठा ले गये थे अज्ञात में दर्ज मुकदमे की तफ्तीश में जुटी सफदरगंज पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग गौवध के लिए प्रयुक्त होने वाले औजारों के साथ जंगल के पास मौजूद है जो घुमन्तु पशुओं का वध कर मांस की बिक्री करते है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अभिषेक तिवारी हमराही साथियों के साथ घेराबंदी कर पांच वांछितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लकड़ी का ठीका सहित 2 चापड़, दो छुरी व दो अदद रस्सी बरामद की। पुलिस की गिरफ्त में आये रामपुर कटरा निवासी जुबेर उर्फ अलबेली पुत्र अब्दुल सलाम, सैदनपुर निवासी आलम पुत्र सलीम रियाजुल, हसन पुत्र जंगली निवासी रसौली निवासी मो0 शोएब पुत्र स्व. अलीम जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरा मुर्तजा निवासी खलील अहमद पुत्र अली अहमद है जो पूर्व में वांछित अभियुक्त है पुलिस ने सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# क्या कभी खाया है बुद्धा हैंड फ्रूट? जानिए इसके सेवन से मिलने वाले फायदे



बुद्धा हैंड फ्रूट कई लोगों के लिए अनजाने फलों की सूची में शुमार होगा। यह फल एक बार पकने के बाद हाथ की उंगलियों की तरह लंबे अलग–अलग जाल में विकसित हो जाता है और कई जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध होता है। इसलिए इसे डाइट में शामिल करना लाभदायक हो सकता है। आइए जानते हैं कि इस फल के सेवन से क्या–क्या स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल सकते हैं।

दर्द निवारक के रूप में करता है काम

बुद्धा हैंड फ्रूट का उपयोग सदियों से दर्द निवारक के रूप में किया जाता आ रहा है। इस फल में पाए जाने वाले कार्बनिक यौगिक और दर्द निवारक एजेंट जैसे कि कूमारिन, बर्गप्टन, डायोसमिन और लिमोनिन दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये यौगिक एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण की तरह काम करके सर्जरी, चोट, मोच, घाव आदि के कारण होने वाली सूजन और दर्द को कम कर सकते हैं। यह घाव भरने की प्रक्रिया को भी तेज करता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मददगार

अगर आप इस फल को अपने दैनिक आहार में शामिल करते हैं तो यह आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है। इसमें एक विशिष्ट पॉलीसेकेराइड होता है, जो मैक्रोफेज की माइक्रोब स्कैवन्ज गतिविधि को बढ़ाने में मदद करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता की गति समेत प्रभावशीलता को बढ़ाता है। एक प्रभावी रोग प्रतिरोधक क्षमता सर्दी और फ्लू जैसे संक्रमणों से भी बचाती है और कई बीमारियों से सुरक्षित रखती है।

गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल की समस्याओं से बचाव

एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर बुद्धा हैंड फ्रूट आंत और पेट की सूजन को कम करने में मदद करता है। यह ऐंठन, पेट दर्द, दस्त, सूजन और कब्ज से राहत देता है। यह स्वास्थ्यवर्धक फल आंतों की मांसपेशियों को आराम देने में भी मदद करता है, जिससे उचित पाचन को बढ़ावा मिलता है। इसमें उच्च मात्रा में डाइटरी फाइबर मौजूद होता है जो आंत में पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाता है।

श्वसन संबंधी समस्याओं का करे इलाज

पोषक तत्वों से भरपूर यह फल श्वसन संबंधी समस्याओं के इलाज में अत्यधिक प्रभावी है। इसके अतिरिक्त, यह अत्यधिक खांसी की समस्या के लिए एक तेज और दर्द रहित इलाज प्रदान करता है। यह समस्या कफ या सर्दी या किसी अन्य श्वसन समस्या पैदा करती है। अधिक लाभ के लिए फल का सेवन करने से पहले इसे मीठे पानी में भिगो दें।

हाई ब्लड प्रेशर को करता है नियंत्रित


यह फल एक वाहिकाविस्फारक के रूप में कार्य करता है और आपके शरीर में कोरोनरी रक्त वाहिकाओं को आराम देने और फैलाने में मदद करता है जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है और हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को भी बढ़ाता है और एथेरोस्क्लेरोसिस विकसित करने या स्ट्रोक या दिल के दौरे जैसी समस्याओं के जोखिम को कम करता है। यह आपके कार्डियोवस्कुलर सिस्टम को बेहतर भी करता है।

## ईश्वर्या मेनन ने ईरोड में अपने पुराने स्कूल का दौरा किया

अभिनेत्री ईश्वर्या मेनन, जो तमिल और तेलुगु फिल्म उद्योगों में तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रही हैं, ने उस स्कूल की यात्रा का विवरण साझा किया है जिसमें उन्होंने पढ़ाई की थी। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने एक पोस्ट लिखा जिसका शीर्षक था, श्एक और कुट्टी कहानी ।य अभिनेत्री ने कहा, मैं ईरोड, तमिलनाडु में पैदा हुई थी। मेरी पूरी स्कूली शिक्षा इरोड में हुई थी। 11वीं और 12वीं, मैंने अपनी स्कूली शिक्षा वेल्लार मैट्रिकुलेशन स्कूल में की। 12वीं कक्षा के बाद, मैं अपने स्कूल नहीं गई थी। और कल, मैं स्कूल के अपनी सबसे अच्छे दोस्त, मधु के साथ वर्षों बाद उनसे मिलने गई। यह काफी खुशी भरे पल थे। जिन शिक्षकों ने मुझे पढ़ाया उनसे मिली मैं, उनको मुझ पर गर्व था और बच्चे पूरी तरह से पागल हो गए थे! इस तरह के क्षण वे क्षण हैं जिनके लिए मैं भगवार की आभारी हूं, विनम्र और शब्दों से परे आभारी।



## ब्रह्मास्त्र 2 में देव का किरदार निभाएंगे केजीएफ स्टार यश? करण जौहर ने किया खंडन



अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र लोगों ने पसंद की हो या नहीं, लेकिन इसे साल की चर्चित फिल्म कहा जा सकता है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। अब फिल्म के सीक्वल की कहानी और उसकी स्टारकास्ट को लेकर तरह–तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। खासकर फिल्म में मेल लीड को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। रिपोर्ट्स थीं कि इस भूमिका के लिए केजीएफ स्टार यश से संपर्क किया गया है, जिनका अब खंडन हो चूका है। ब्रह्मास्त्र के अंत में इसके सीच्ल ब्रह्मास्त्र 2रू देव की घोषणा कर दी गई थी। इसके दूसरे पार्ट में मुख्य किरदार अमृता और देव होंगे। फिल्म के मेल लीड का नाम तय नहीं हुआ है। चर्चा थी कि फिल्म में देव के किरदार के लिए निर्माताओं ने केजीएफ स्टार यश से संपर्क किया है। अब प्रोड्यूसर करण जौहर ने इन खबरों का खंडन किया है। रिपोर्ट के अनुसार करण ने कहा कि उन्होंने किसी से कोई संपर्क नहीं किया है।

देव के किरदार के लिए दर्शक रणवीर सिंह और ऋतिक रोशन के होने के कयास लगा रहे हैं। हालांकि, चर्चा है कि अपनी ही दूसरी सुपरहीरो फिल्म कृष 4 से क्लैश के कारण ऋतिक यह फिल्म नहीं करेंगे।

कन्नड़ फिल्म केजीएफ की अपार सफलता ने यश को हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय कर दिया है। यश की फिल्म केजीएफ 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन किया था। केजीएफ चौप्टर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया था। ऐसे में प्रशंसक उन्हें ब्रह्मास्त्र में देखने के लिए उत्साहित थे, लेकिन करण ने ऐसी रिपोर्ट्स का खंडन कर दिया।

ब्रह्मास्त्र 2 के मुख्य किरदार देव और अमृता हैं। चर्चा है कि अमृता का किरदार दीपिका पादुकोण निभाएंगी। खास बात यह है कि ब्रह्मास्त्र 2 के निर्माण के लिए डिज्नी ने हाथ बढ़ाया है। इस फिल्म का निर्माण डिज्नी और ध ार्मा प्रोडक्शन मिल कर करेंगे। अयान ब्रह्मास्त्र 2 और ब्रह्मास्त्र 3 की शूटिंग एक साथ करने के बारे में सोच रहे हैं। ब्रह्मास्त्र का सिच्ल 2025 में रिलीज होने की चर्चा है।

ब्रह्मास्त्र को बनाने में लंबा वक्त लगा। अयान इस फिल्म की शूटिंग करीब पांच साल में खत्म कर पाए थे। फिल्म के वीएफएक्स की खूब तारीफ हुई। फिल्म में अयान ने अपनी कल्पनाओं की दुनिया को वीएफएक्स के जरिए पर्दे पर उतारा है। फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान भी नजर आए थे। 4 नवंबर को यह फिल्म डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## मंजू वारियर ने अजित–स्टारर थुनिवु के लिए डब किया

निर्देशक एच. विनोथ की आगामी हीस्ट थ्रिलर, थुनिवु में मुख्य भूमिका निभाने वाली मलयालम अभिनेत्री मंजू वारियर, जिसमें



अभिनेता अजित कुमार मुख्य भूमिका में हैं, ने अब फिल्म के लिए डबिंग शुरू कर दी है। ट्विटर पर अभिनेत्री ने खुद की डबिंग की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, नो गट्स, नो ग्लोरी! हैशटैग–थुनिवु हैशटैग–डबिंग हैशटैग–अजितकुमार हैशटैग–एके हैशटैग–हविनोथ। तथ्य यह है कि श्थुनिकुय अगले साल पोंगल के लिए रिलीज होगी, इसने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि विजय–स्टारर श्वरिसुय भी त्योहार पर स्क्रीन पर हिट होने की उम्मीद है। दोनों अभिनेताओं के प्रशंसक बॉक्स ऑफिस पर दोनों फिल्मों के बीच प्रतिस्पर्धा का इंतजार कर रहे हैं, सोच रहे हैं कि कौन विजेता बनेगा। श्थुनिकुय, जिसका अंतिम शेड्यूल बैंकॉक में शूट किया गया था, को शुरू में एके61 के रूप में संदर्भित किया गया था। फिल्म में एक प्लॉट है जो एक बैंक डकैती के इर्द–गिर्द घूमता है।

## सर्दियों में यात्रा करने से पहले इन चार बातों का जरूर रखें ध्यान



सभी को सर्दियों में यात्रा करना बेहद पसंद होता है। ठंडा मौसम, खूबसूरत नजारे और बर्फबारी, आपकी यात्रा को बेहद यादगार बना देती हैं। लेकिन इस मौसम में घूमने से पहले अगर आपने कुछ महत्वपूर्ण बातों और चीजों का ख्याल नहीं रखा तो यह यात्रा आपके लिए मुसीबत भी बन सकती है। आइए आज हम आपको चार ऐसी बातों के बारे में बताते हैं जिनका सर्दियों में यात्रा करने से पहले आपको ध्यान रखना चाहिए।

भौगोलिक स्थिति और मौसम के बारे में पहले से पता करें

ऐसे सर्द मौसम में कहीं भी जाने से पहले एक बार वहां की भौगोलिक स्थिति और घूमने वाले दिन के तापमान के बारे में जरूर पता कर लें। इससे आप उस वक्त की जरूरतों से पहले ही वाकिफ हो जाएंगे और कई मुसीबतों से बच जाएंगे। पहले से भौगोलिक और मौसम की स्थिति के बारे में मालूम होगा तो आप उस हिसाब से दवाइयां, केतली और अन्य चीजें रख सकते हैं।

ट्रेवलिंग बैग पैक करते वक्त रखें खास ध्यान

सर्दियों में घूमने के लिए फिजूल चीजें रखकर अपने बैग को भारी करने की गलती बिल्कुल मत करिएगा। इससे आपको एक जगह से दूसरी जगह जाने में बहुत परेशानी होगी। ऐसे मौसम में यात्रा के दौरान जरूरी सामान, कपड़े और एक कंबल जरूर रख लीजिए ताकि आपको ठंड न लगे। इन सबके अलावा अगर आप बर्फबारी वाली जगह जा रहे हैं तो सनग्लासेस जरूर रख लीजिएगा क्योंकि सूर्य की किरण बर्फ से टकराकर आपकी आंखों को प्रभावित करती हैं।

यात्रा से पहले ही बुक कर लें होटल

सर्दियों में लंबी यात्रा के बाद आपको होटल तलाशने का बिल्कुल भी मन नहीं करेगा, इसलिए आप पहले ही बढिया सा होटल देखकर ऑनलाइन बुक कर लीजिए। कभी–कभी सब होटल फुल हो जाते हैं, इसलिए पहले से होटल बुक करना बिल्कुल सही विकल्प है। होटल बुक करते समय सभी सुविधाओं को भी ध्यान से चेक करें। सही और अच्छा होटल बुक करने में आप चाहें तो वहां के टूर और ट्रेवल कंपनी की मदद भी ले सकते हैं।

कार से यात्रा करने पर इन बातों का भी रखें ध्यानः सर्दियों में आपको हमेशा शीशे बंद वाली गाड़ी में ही सफर करना चाहिए। खुली गाड़ी में कई बार ठंडी हवा लगने से आपकी तबीयत खराब हो जाती है और आप घूमने का लुफ्त नहीं ले पाते हैं। इसके अलावा अगर आप कार से ही यात्रा कर रहे हैं तो इमरजेंसी कार किट जरूर रखें। इसके अलावा एक मैप भी लेना जरूरी है क्योंकि कभी–कभी इंटरनेट ठीक से काम नहीं करता है। इससे आपको रास्ता तलाशने में मदद मिलेगी।

